केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 267 | उज्जैन, शनिवार 11 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

**सुविचार**

तालाब एक ही होता है... उसी तलाब में हंस मोती चुनता है और बगुला मछली... सोच-सोच का अंतर है... आपकी सोच ही आपको महान बनाती है...!

## न्यूज ब्रीफ

### रूस ने यूक्रेन पर दागीं 81 मिसाइलें हवाई हमले में नौ लोगों की मौत जपोरिज्जिया की बत्ती गुल

**कीव/जीएनएस।** रूसी सेना ने गुरुवार को यूक्रेन के विभिन्न शहरों पर हवाई हमले किए। हमलों की चपेट में आने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और यूरोप के सबसे बड़े नाभिकीय संयंत्र की बिजली व्यवस्था भी बाधित होने से अंधेरा छा गया। इन हमलों ने उत्तर में खारकीव से लेकर दक्षिण में ओडेसा और पश्चिम में जाइटॉमिर तक के शहरों को प्रभावित किया। इन हमलों में खारकीव और ओडेसा में इमारतें और बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ, कई इलाकों में बिजली गुल रही। राजधानी कीव पर भी हमले की भी सूचना है। यूक्रेन ने जारी बयान में कहा कि रूस ने 81 मिसाइलें दागीं, जो कई सप्ताह में किया गया, अब तक सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि उसने सफलतापूर्वक 34 क्रूज मिसाइलों को हवा में मार गिराया और ईरान निर्मित आठ शहीद ड्रोन में से चार को नष्ट कर दिया है। गर्वनर मकसिम कोजत्स्की ने कहा कि गुरुवार के हमलों में एक रॉकेट के घर में गिरने से पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के राष्ट्पति के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री एर्मक ने कहा कि रूसी गोलाबारी में दक्षिणी शहर खेरसॉन में तीन लोगों की मौत हो गई, जहां एक सार्वजनिक परिवहन स्टॉप भी इस हमले में नष्ट हो गया।

### भाजपा की बी-टीम का काम छोड़ते ही सलाखों के पीछे होंगे अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस ने कसा तंज

**नई दिल्ली/जीएनएस।** कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'बी-टीम' बताते हुए कहा है कि जिस दिन पार्टी नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भाजपा के हित में वोटों के बंटवारे का काम बंद कर देंगे, उसी दिन वह जेल की सलाखों के पीछे होंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अल्का लांबा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'आप' और भाजपा के बीच देशभर में मिलाजुला खेल चल रहा है। श्री केजरीवाल पूरे देश में भाजपा की लाइन पर काम कर रहे हैं। उन्होंने उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और गुजरात विधानसभा के चुनावों में यही खेल किया और भाजपा को फायदा देने के लिए वोटों का बंटवारा किया। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल हर चुनाव में भाजपा के लिए इसी तरह का खेल खेलते हैं और देशभर में भाजपा के हित में वोट बांटने का उसकी 'बी-टीम' बनकर करते हैं। उनका कहना था कि जब तक वह इसी तरह का काम करते रहेंगे और भाजपा को फायदा पहुंचाएंगे तब तक श्री केजरीवाल खुली हवा में हैं। जिस दिन उन्होंने यह खेल बंद किया और खुद को दिल्ली तक सीमित रखा उसी दिन उन्हें जेल जाना पड़ेगा। प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली की शराब नीति का पूरा खाका श्री केजरीवाल का था और उनकी सह पर ही यह काम चलता रहा।

### चीनी समर्थक केपी ओली को झटका, रामचंद्र पौडेल नेपाल के नए राष्ट्रपति

**काठमांडू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रामचंद्र पौडेल गुरुवार को नेपाल के नए राष्ट्पति चुने गए हैं। नेपाली कांग्रेस के इस नेता ने गुरुवार को चुनाव में सुभाष नेमबांग को हराया। पौडेल को 33,802 और नेमबांग को 15,518 वोट मिले। पौडेल बिद्या देवी भंडारी की जगह लेंगे, जो 2015 से नेपाल की राष्ट्पति थी। इससे 27 फरवरी को नेपाल की सत्ता से बाहर किए गए चीनी समर्थक केपी ओली की पार्टी को एक और झटका लगा है। नेपाल कांग्रेस के उम्मीदवार रामचंद्र पौडेल का राष्ट्पति बनना तय माना जा रहा था। उन्हें शेर बहादुर देउबा और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टी सहित आठ पार्टियों का समर्थन हासिल था। वहीं केपी ओली की पार्टी के उम्मीदवार सुभाष चंद्र नेमबांग का अपनी पार्टी के अलावा निर्दलीय सदस्यों ने समर्थन किया।

**सामूहिक कन्या विवाह पर विशेष**

# संघर्ष और समर्पण से संकल्प पूरा होने का ऐतिहासिक दिन

आज 11 मार्च रहली विधानसभा क्षेत्र और गोपाल भार्गव के लिए ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आज लंबे संघर्ष और संकल्प के प्रति समर्पण के कारण 20 वे में कन्यादान समारोह में 21सौ कन्याओं का विवाह होगा और इसी के साथ गोपाल भार्गव का वह संकल्प भी पूरा होगा जिसमें उन्होंने 21हजार कन्याओं के विवाह का संकल्प लिया था।





**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कुल मिलाकर कुछ तो बात है जो हस्ती मिटती नहीं तुम्हारी शायद यह लाइने भी गोपाल भार्गव के लिए ही लिखी गई है लगातार एक ही क्षेत्र से 8 बार विधानसभा का यह चुनाव जीतना दो दशक से कैबिनेट मंत्री और बीच में नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश विधानसभा रहने वाले गोपाल भार्गव ना केवल सीधी बात और सहज सरल मुलाकात के लिए जाने जाते हैं वरन परोपकार और दया जैसे बड़े धर्म को भी आत्मसात किए हुए हैं शायद इसी के कारण वे राजनीति के अपराजेय योद्धा तो है ही राजनीति के संत भी कहे जाते हैं और संत नेता की तपस्या और समर्पण आज फलीभूत होने जा रहा है जब 20 वे में आयोजन में 21 सौ कन्याओं का विवाह होगा और इसी के साथ 21000 कन्याओं की शादी कराने का संकल्प भी पूरा हो रहा है वैसे तो कई क्षेत्रों में गोपाल भार्गव की रिकॉर्ड बन चुके हैं आज जब और पार्षद सरपंच भी अपने बच्चों की शादी धूमधाम से बड़ी बड़ी होटलों में करते हैं तब गोपाल भार्गव केबिनेट मंत्री रहते हुए अपने इकलौते बेटे और बेटी का विवाह इसी कन्या समारोह में कर चुके हैं यही कारण है गोपाल भार्गव आज राजनीति में काम करने वाले लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं यदि उनके जैसा आचरण राजनीति में काम करने वाले लोग करने लगे तो फिर नेताओं को एंटी इनकंबेंसी का सामना नहीं करना पड़ेगा देर रात तक जाग कर लोगों की समस्याएं सुनना हल करना तो जगजाहिर है ही गरीब लोगों के इलाज गढ़ाकोटा से लेकर सागर भोपाल दिल्ली और मुंबई में कराने वाले भार्गव अब तक 20000 लोगों का इलाज करा चुके हैं भोपाल के सरकारी बंगले में आधे से ज्यादा हिस्सा इलाज कराने वाले लोगों से भरा रहता है शायद यही कारण है की जहां हर चुनाव में नेताओं और राजनीतिक दलों के नारे बदल जाते हैं लेकिन पिछले 40 सालों से गोपाल भार्गव के चुनाव में

जाहिर है संघर्ष और समर्पण से सफलता पाने वाले गोपाल भार्गव के जीवन का आज महत्वपूर्ण पड़ाव जिसमें वे 21000 कन्याओं के विवाह कराने का संकल्प पूरा करेंगे शायद इसी कारण चारों ओर से उन्हें साधुवाद मिल रहा है।

एक ही नारा चलता है जिसका कोई ना पूछे हाल उसका साथी है गोपाल क्षेत्र में अपने समर्थकों और प्रदेश में शुभचिंतकों के बीच गोपाल भार्गव भैया के नाम से पुकारे जाते हैं शायद ही कोई ऐसा नेता हो जिसे तीन पीढ़ी भैया कहकर पुकारे और भैया भी लगभग 4 लाख लोगों को नाम से पुकारने की क्षमता रखते हैं पूरे प्रदेश में उनके चाहने वालों की एक अलग ही जमात है जो उन्हें राजनीति में बेदाग नेता मानते हैं अपना नेता मानते हैं और पार्टी भी उनके समर्पण और चुनाव जिताऊ क्षमता को देखते हुए उन्हें हर कठिन चुनौती में आगे करती है मसलन पिछले वर्ष को ही देख ले जब सुर्खी बड़ा मलहरा और पृथ्वी पुर जैसी विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव की चुनौती पार्टी के सामने थे तब गोपाल भार्गव को मोर्चे पर तैनात किया गया और तीनों क्षेत्रों में उन्होंने भारी अंतर से जीत दिलाई वे स्वयं भी हमेशा अपना चुनाव 55 परसेंट से 70 परसेंट तक वोट लेकर जीतते आ रहे हैं जिसमें दो बार नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद चुनाव प्रचार पर निकले बगैर ही जीते लेकिन जब पार्टी कठिन चुनावी चुनौती उन्हें सौंप दी है तब वे पूरे समर्पण भाव से दिन रात मेहनत करके चुनाव को भारी बहुमत से जीताते हैं। दरअसल गोपाल भार्गव को यदि संघर्ष और समर्पण का पर्याय कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि उनका शुरुआत से लेकर अब तक का जीवन इसी के इर्द-गिर्द घूमता रहा है गढ़ाकोटा को तहसील बनाने के आंदोलन से राजनीतिक जीवन मैं संघर्ष की शुरुआत हो गई थी जेल गए लाठियां खाई लेकिन कभी झुके नहीं फल स्वरूप नगर पालिका अध्यक्ष बने और रहली जैसी कांग्रेसका गढ माने जाने वाली विधानसभा सीट पर भार्गव जैसे युवा नेता पर पार्टी ने दांव लगाया जो रहली सीट 1977 की जनता पार्टी लहर में भी कांग्रेस ने जीती थी वही 1985 की इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति लहर में कांग्रेस को हराकर गोपाल भार्गव ने भाजपा की झोली में डाला और तब से लगातार आठ बार से चुनाव जीत रहे दो बार तो घर बैठे ही चुनाव जीता आठ बार की जीत में जीत में 20 साल विपक्ष का विधायक होना भी कडे संघर्ष का कार्यकाल था लेकिन समर्पण ऐसा था क्षेत्र के प्रति पार्टी के प्रति और लोगों के दुख दर्द करने के प्रति कभी कोई समस्या इतनी बड़ी नहीं हुई जिनका समाधान गोपाल भार्गव ना कर पाए हो।

जो लोग साधनों के भरोसे संकल्प लेते हैं हो सकता है वे अधूरे रह जाये लेकिन साधना की दम पर लिए जाने वाले संकल्प अवश्य ही पूरे होते हैं यह गोपाल भार्गव ने सिद्ध कर दिया है पार्टी चाहे पक्ष में रहे या विपक्ष में उन्होंने अपने संकल्प को पूरा करने में अभी कोई कसर नहीं छोड़ी 21000


उनके जीवन में अच्छा होना लोगों की समस्याएं हल होना लोगों का इलाज ठीक से होना और गरीब कन्याओं के विवाह समय से धूमधाम से हो जाए यही तो है और आज सबसे अच्छा यही हो रहा है कि उनके जीवन का सबसे बड़ा संकल्प 21000 कन्याओं का विवाह कराने का आज पूरा हो रहा है।

कन्याओं का विवाह कराने का महत्त्व वही व्यक्ति समझ सकता है जिसने कभी एक कन्या का विवाह कराया हो कितनी शिद्दत और समर्पण से यह संकल्प पूरा किया होगा इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 2015 के सामूहिक कन्या विवाह में अपने इकलौते बेटे अभिषेक भार्गव दीपू और बड़ी बेटी अवंतिका का विवाह भी उन्होंने इसी सामूहिक विवाह समारोह में किया जिसमें पिछले 20 सालों से लगाता र विभिन्न जाति धर्म के गरीब बच्चे बच्चियों की शादी होती है इस अभियान से संघ के उस अभियान को भी ऐसी ऊंचाइयां मिली जिसमें संघ परिवार एक कुआं एक पाठशाला एक मंदिर और एक मंडप की बात करता रहा है कि आज प्रदेश और देश में सामाजिक समरसता के क्षेत्र में सामूहिक कन्या विवाह की क्रांति आ गई है और जब -जब गोपाल भार्गव के जीवन में चुनौती आती है तब तब ऐसे ही लोगों के शुभ के भाव उनका संभल बनते हैं इस सदी की सबसे भीषण त्रासदी कोरोना महामारी थी जब खून के रिश्ते में भी कई जगह अपनों का साथ नहीं दिया तब गोपाल भार्गव और उनके बेटे अभिषेक भार्गव ने दिन रात और ना मरीजों की सेवा की उनके लिए रातों-रात अस्पताल तैयार करवाया और जो इंजेक्शन और दवाईयां बड़े शहरों में नहीं मिल रही थी रहली क्षेत्र के पीड़ितों के लिए सहज उपलब्ध थी और इन्हीं प्रयासों के चलते दौड़ भाग में गोपाल भार्गव भी कोरोना की चपेट में आ गए और जब वह भोपाल के एक अस्पताल में भर्ती थे तब उनके चाहने वाले हजारों समर्थक देव स्थानों पर मन्नत मांग रहे थे कोई पैदल जा रहा था तो कोई उपवास कर रहा था और जब भार्गव स्वस्थ होकर लौटे तब भी साल भर मन्नत पूरी होने पर कृतज्ञता का दौर महीनों चलता रहा शायद गीता का यह निचोड़ भी सिद्ध होता है कि किया हुआ व्यर्थ जाता नहीं और किए बिना कुछ मिलता नहीं पाल भार्गव ने अपनी गुल्लक को जिन अच्छाइयों से भरा है वह जब जब जरूरत पड़ती है शुभकामना के रूप में उनके सामने आते हैं उन्होंने अच्छा किया तो पूरे जीवन में अच्छा ही मिल रहा है।


जिस दिन से चला हूं मंजिल पर नजर है इन आंखों में कभी मील का पत्थर नहीं देखा कुछ इसी तर्ज पर निरंतर क्षेत्र का विकास देर रात तक जाकर भी लोगों की समस्याओं का निराकरण और समर्पण के कारण है आज का सुनहरा दिन आया है। -गोपाल भार्गव

## अफगानिस्तान की सरजमीं आतंकियों की पनाहगाह न बने, यूएन में भारत का पाकिस्तान पर हमला

**न्यूयार्क/जीएनएस।** भारत ने आतंकवाद के पोषक बन चुके पाकिस्तान पर एक बार फिर अपरोक्ष रूप से हमला बोला है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया है। अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए रुचिरा कंबोज ने गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान के क्षेत्र का उपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं के लिए नहीं होना चाहिए। भारत ने यह भी कहा कि इस क्षेत्र का प्रयोग आतंकवादियों को आश्रय, ट्रेनिंग, योजना और वित्तपोषण की गतिविधियों के लिए नहीं होने देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत उम्मीद करता है कि अफगानिस्तान के क्षेत्र का



उपयोग इन सब आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नहीं होगा। भारत ने कहा कि इन सभी गतिविधियों को मतलब मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करना भी शामिल है। अफगानिस्तान की स्थिति के बारे में बात करते हुए कंबोज ने यह भी कहा कि देश में मानवीय स्थिति 'गहरा संकट' है। उन्होंने यूएनएससी को उस मानवीय सहायता के बारे में भी बताया, जो भारत ने पिछले एक साल में अफगानिस्तान को प्रदान की है।




## प्राकृतिक आपदा को रोक नहीं सकते, लेकिन कोशिश करें कम हो नुकसान, पीएम मोदी ने कहा



**नईदिल्ली/जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि हम प्राकृतिक आपदाओं को रोक नहीं सकते हैं, लेकिन हम उनसे होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सिस्टम के साथ आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में चक्रवातों के कारण हजारों जानें जाती थीं, लेकिन अब हमारी तैयारियों के कारण चक्रवातों में नुकसान कम से कम होता है। हम प्राकृतिक आपदा को रोक नहीं सकते लेकिन यह सुनिश्चित जरूर कर सकते हैं कि नुकसान कम से कम हो। उन्होंने नुकसान को कम करने के लिए प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में प्रतिक्रियाशील के बजाय सक्रिय दृष्टिकोण और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर जोर दिया। वे आपदा जोखिम न्यूनीकरण (एनपीडीआरआर) के लिए राष्ट्रीय मंच के तीसरे सत्र का उद्घाटन कर संबोधन दे रहे थे।

**सक्रिय होना ही होगा**-उन्होंने कहा, हमें प्रतिक्रियाशील होने के बजाय सक्रिय होना होगा। देश में (पहले) सक्रिय होने की क्या स्थिति थी और अब क्या स्थिति है? आजादी के पांच दशक बाद भी देश में आपदाओं से निपटने के लिए कोई कानून नहीं था। उन्होंने कहा कि 2001 में कच्छ में आए भूकंप के बाद आपदा प्रबंधन अधिनियम लाने वाला गुजरात पहला राज्य था। इस अधिनियम के आधार पर, केंद्र ने 2005 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम बनाया, उन्होंने कहा। इसके बाद राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना की गई।

**आपदा नियोजन के बेहतर प्रबंधन की तकनीक पर जोर**-प्रधान मंत्री ने कहा कि आपदा नियोजन के बेहतर प्रबंधन के लिए पारंपरिक आवास और नगर नियोजन प्रक्रिया को भविष्य की तकनीक से समृद्ध किया जाना चाहिए, और स्थानीय बुनियादी ढांचे के लचीलेपन का वास्तविक समय मूल्यांकन समय की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए कि तुर्की और सीरिया में आए भीषण भूकंप के बाद देश के आपदा राहत कार्य की पूरी दुनिया ने सराहना की है।

### हैम्बर्ग में यहोवा के विटनेस केंद्र के बाहर गोलीबारी में छः लोगों की मौत, आरोपी मौके से फरार

**बर्लिन/जीएनएस।** जर्मनी में हैम्बर्ग शहर के यहोवा में विटनेस धार्मिक आंदोलन के एक केंद्र के बाहर हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह रिपोर्ट दी है। जर्मन अखबार हैम्बर्गर मॉर्गनपोस्ट के अनुसार हैम्बर्ग के एलस्टरडॉर्फ क्वार्टर में स्थानीय समयानुसार रात करीब 9:00 बजे हुई गोलीबारी में कम से कम छः लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट में बताया गया है कि पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गया हैं। गोलीबारी करने वाला अभी तक पकड़ा नहीं गया है और वह भाग गया है।

# विधायक कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के झाबुआ जिला अध्यक्ष ओर कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को किया उजागर

## 13 मार्च को भोपाल राज भवन घेराव में जिले भर से 2000 कांग्रेसी पहुंचेंगे

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** झाबुआ मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिलों में पत्रकार वार्ता आयोजित हुई शुक्रवार को 3 बजे स्थानीय विधायक कार्यालय गोपाल कॉलोनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका संभागीय कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने पत्रकार वार्ता को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर संबोधित करते हुए कहां की मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस सरकार बनते ही प्रदेश की महिलाओं को सशक्त आत्मनिर्भर बनाने महंगाई पर अंकुश लगाने की घोषणा जिससे प्रदेश के प्रत्येक परिवार की महिला को 18000/ हजार की राशि प्रति वर्ष खाते में डालने व रसोई गैस प्रत्येक परिवार को सिलेंडर 500/रुपए में प्रदाय करने के निर्णय को पूरे प्रदेश में सराहा जा रहा है जो विश्व की सबसे बड़ी एक योजना होगी वही शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना में अधिकांश महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित करने का षड्यंत्र किया जा रहा है योजना एक दिखावटी वह महिलाओं को गुमराह करने वाली योजना है वही पैसा एक्ट कानून जो 25 वर्ष पहले कांग्रेस शासन काल में लागू हो चुका है जिसे तोड़ मरोड़ कर सरपंचों तड़वी ओ के साथ कुठाराघात कर पैसा एक्ट कानून को घोटाले में तब्दील किया गया है हाल ही में पैसा कोऑर्डिनेटर भर्ती योजना में लाखों बेरोजगार लोगों ने आवेदन किए 9 ,10, 11 फरवरी 2023 को मात्र 890 लोगों को छा टकर साक्षात्कार के लिए बुलाया गया ऐन वक्त पर साक्षात्कार प्रक्रिया निरस्त कर दी गई 89 लोगों को ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पद पर अवैध रूप से नियुक्त कर दिया गया जिसका हर ब्लाक में विरोध हो रहा है जो भाजपा सरकार की सोची समझी साजिश के तहत एक विचारधारा से जुड़े लोगों को भाजपा का एजेंट बना कर आगामी चुनाव में भाजपा का प्रचार करने का निर्णय लिया कांग्रेस पार्टी पू 'जोर तरीके से विरोध दर्ज करेगी



उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का किसान परेशान है गेहूं का उचित मूल्य उन्हें प्राप्त नहीं हो रहा है शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूर्व में दिए गए बयानों में वह मिट्टी खरीदने की बात कर रहे थे पर आज ज्यादातर किसानों से गेहूं घटीया बताकर 1700 रुपए किवंटल सो 1800 सो रूपए किवंटल में खरीदा जा रहा है जिसमें साफ स्पष्ट होता है कि किसान विरोधी भाजपा सरकार किसानों को प्रताड़ित करने में लगी हुई है मुख्यमंत्री के दावों की पोल खोलती सच्चाई जो कि सरकार के असफल उद्योग नीति एवं शिक्षा नीति ने मध्यप्रदेश में युवाओं के भविष्य को चौपट कर के रख दिया है आंकड़ों के मुताबिक 4500 स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी देते हैं अन्य सारी नौकरियों पर बाहरी राज्यों के निवासियों ने कब्जा जमा लिया है शिवराज सरकार ने अगर तत्काल प्राइवेट एवं मल्टीनेशनल कंपनियों में मध्य प्रदेश के बाहर राज्यों से आए बेरोजगारों का कोटा निर्धारित नहीं किया तो कांग्रेस द्वारा शिवराज सरकार के खिलाफ बड़ा विरोध दर्ज किया जाएगा वहीं केंद्र सरकार द्वारा उद्योगपति के पक्ष में क्रोमि कैपिटलिजम नीति से गहराए आर्थिक संकट से देश के गरीब और मध्यम वर्ग के करोड़ों भारतीयों की बचत राशि जोखिम में पड़ गई है और देश में बेतहाशा महंगाई बढ़ गई है प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार ग्राफ चरम पर है बेरोजगारी का ग्राफ नई ऊंचाई छू चुका है अपराधों पर कोई अंकुश नहीं आम जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है आज पूरे प्रदेश में कर्मचारी त्रस्त है नित्य हड़ताल कर रहे ही धरना प्रदर्शन कर अपनी मांग मनवाने का प्रयास कर रहे हैं वहीं सरकार में बैठे मठाधीश के कानों में जूं नहीं रेंग रही भाजपा सरकार में कर्मचारी व्यापारी युवा बेरोजगार किसान परेशान हाल है जिनकी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है कांग्रेस पार्टी इन समस्त वर्गों के साथ है प्रदेश के किसानों व्यापारियों बेरोजगारों कर्मचारियों के खिलाफ विरोधी नीतियों को लेकर 13 मार्च को भोपाल राजभवन का घेराव किया जाएगा जिसमें जिले भर से 2000 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे।

## सार समाचार

# पात्र महिलाओं को लाडली बहना योजना का लाभ दिलवाए-श्री शिम्पी

## कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में परिषद की ब्लॉक बैठक संपन्न



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अधिक से अधिक पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन लाडली बहना योजना के तहत अपने अपने गांव में प्राथमिकता से करवाएं। नशा मुक्ति के लिए प्रत्येक गांव में अभियान चलाएं। एक ही गांव में अलग-अलग जगह शराब बिक रही है, उसके खिलाफ सभी के साथ मिलकर आवाज बुलंद करें।

उक्त बात कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विकासखंड स्तरीय बैठक में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सचिन शिम्पी ने करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग से जुड़ी लगभग 32 जातियों का सर्वे प्रत्येक गांव में होना है। सभी समितियां इस कार्य को भी गंभीरता से करें। ताकि उन्हें लाभ प्राप्त हो सके। परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रेणुका श्रोत्रीय ने बताया कि बैठक में पूर्व जिला प्रचारक श्री खुशीलाल यादव ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में भारतीय जनता युवा मोर्चा के इंगोरिया मंडल अध्यक्ष विजेंद्रसिंह चावड़ा, सुंदराबाद ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती ज्योति अजय पंड्या सजग तथा ग्राम निंबोदा के सरपंच दिलीप राजपुरोहित भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सभी ने परिषद के साथ मिलकर किस प्रकार गांव की अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है, उस पर अपने विचार रखें। श्रीमती श्रोत्रिय ने आगामी 18 मार्च को भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित युवा महाकुंभ में चलने हेतु सभी समितियों व संस्था सदस्यों को कहा। बैठक में प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव नवांकुर समिति से शुभम जायसवाल, अर्जुन सिंह डोडिया, मुकेश शर्मा, इंदर सिंह भाटी, जीवन शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में अजय पंड्या सजग ने सामूहिक प्रेरणा गीत मैं तुमको विश्वास दू, तुम मुझको विश्वास दो लेकर सभी का उत्साह वर्धन किया। संचालन अर्जुनसिंह डोडिया ने किया आभार शुभम जायसवाल ने माना।

# बेटीखेड़ी से मऊखेड़ी मार्ग और पुलिया निर्माण कार्य पर ग्राम वासियों ने हर्ष व्यक्त किया



**आलोट/राकेश चोहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मनोज चावला ने ग्राम मऊ खेड़ी मैं भ्रमण के दौरान बताया कि विधानसभा क्षेत्र आलोट अंतर्गत बहू प्रतीक्षित मांग ग्राम बेटीखेड़ी से मऊखेड़ी मार्ग और पुलिया निर्माण का कार्य प्रगति पर है ज्ञात हो कि इसके निर्माण हेतु क्षेत्रीय विधायक काफी लंबे समय से प्रयासरत थे इस मार्ग और इस पर आने वाली ग्राम मऊखेड़ी पुलिया के निर्माण से ग्राम पंचायत मऊखेड़ी और जहानाबाद के हजारों किसानों का आवागमन सुलभ होगा । बारिश के कारण उक्त मार्ग से जूड़ने वाले गांवो के किसान , जनता व स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था । क्षेत्रीय विधायक मनोज चावला ने बताया की वह लंबे समय से इस पुलिया के निर्माण के लिए कोशिश कर रहे थे इसके लिए उन्होंने विधानसभा में याचिका भी प्रस्तुत की थी और मांग की थी कि शीघ्र अति शीघ्र इसका निर्माण कार्य करवाया जाए उन्होंने प्रण भी लिया था कि आगामी चुनाव के पूर्व जब तक इस मार्ग व पुलिया का निर्माण नहीं हो जाता और चैन की सांस नहीं लेंगे आखिरकार वह समय आ गया की उक्त मार्ग व पुलिया निर्माण का कार्य प्रगति पर है । और शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा । इसके लिए ग्राम वासियों ने क्षेत्रीय विधायक मनोज चावला को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई



**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अपर कलेक्टर एसएस मुजाल्दा की अध्यक्षता में 10 मार्च 2023 को प्रातः 11:30 बजे राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों एवं नामांतरण/बंटवारा/सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा, राजस्व वसूली की समीक्षा, लंबित ऑडिट कण्डिकाएं और लंबित आश्वासन, लंबित सीएम मॉनिट/सीएस मॉनिट प्रकरण, सी.एम. हेल्प लाईन प्रकरणों की समीक्षा 50 दिन से अधिक, जनसुनवाई 15 दिन से अधिक, संभागायुक्त एवं कलेक्टर्स द्वारा राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण, जिला न्यायालय/उच्च न्यायालय में प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा, नक्षा शुद्धिकरण पखवाडा, स्वामित्व योजना, मुख्य मंत्री भू आवासीय योजना, पी.एम.के.के.व्हाय, एफआरए, धारणाधिकार की समीक्षा, 11 वीं कृषि संगणना की समीक्षा के संबंध में चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद अनिल राठौर, झाबुआ एलएम गर्ग, मेघनगर श्रीमती अंकिता प्रजापति, झाबुआ तहसीलदार आशीष राठौर, राणापुर सुखदेव डावर, पेटलावद रविन्द्र चौहान, मेघनगर जगदीश वर्मा, रामा सुनिल डावर, थांदला अनिल बघेल एवं नायब तहसीलदार पलकेश परमार, श्रीमती सोनु गोयल, सुश्री बबली बर्डे, सुश्री परवीन अन्सारी, सुश्री शीतल सोलंकी, कार्यालय अधीक्षक श्रीमती संध्या कुलकर्णी, सुश्री शशि सोलंकी, अधीक्षक भू- अभिलेख सुनिल कुमार राणा उपस्थित थे।

# "विकास यात्रा" के संबंध में वीडियों कान्फ्रेंसिंग आयोजित की

## मुख्यमंत्री ने विकास यात्रा की सफलता के लिए सभी को बधाई दी




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड/ माणक लाल जैन।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ''विकास यात्रा'' के संबंध में समस्त मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निवास से वी.सी. के माध्यम से संबोधित किया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ओलावृष्टि से नुकसान का सर्वे निश्चित समय में पूरा करें और निश्चित समय के भीतर राहत राशि बांटना शुरू की जाए। फसल क्षति सर्वे का कार्य पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से किया जाए। फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने की पूरी कार्यवाही गंभीरता से हो। खरीफ फसलों के लिए खाद का अग्रिम भंडारण करें। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में असुविधा नहीं होना चाहिए। साथ ही भुगतान समय पर सुनिश्चित हो। ग्रीष्मकाल में पेयजल की व्यवस्था बेहतर एवं सुचारू बनी रहे। प्रतिदिन जल प्रदाय हो, जहां पेयजल परिवहन की व्यवस्था करना है, उसकी भी तैयारी अग्रिम रूप से कर लें।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विकास यात्राएं व्यवस्थित और अभूतपूर्व तरीके से हुई हैं। यात्राओं में सरकार के साथ समाज भी जुड़ा। प्रदेश की सभी 230 विधानसभाओं में यात्राएं हुई। सभी ओर यात्रा की प्रशंसा हुई है। कलेक्टर्स ने कई नवाचार किए हैं। यात्रा का स्वरूप अद्भुत था। मुख्यमंत्री ने यात्रा की सफलता के लिए सभी को बधाई दी।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि यात्रा का फॉलोअप हो। इस दौरान जो कमी मिली हो उसे पूरा किया जाए। शेष रहे कार्यों को भी पूरा करें। यात्रा तभी परफेक्ट होगी जब जीरो डिफेक्ट होगा। यात्रा की रिपोर्ट भेजी जाए, जिससे कमियों को पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो बहनों की जिंदगी बदलने में मील का पत्थर साबित होगी। बहने योजना के लाभ से वंचित नहीं रहें। प्राण-प्रण से योजना का लाभ दिलवाने में जुट जाएँ। गांव और वार्ड में पहुंचकर बहनों के आवेदन भरवाए जाएं। बहनों को कोई असुविधा नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इस बार गेहूं उत्पादन अच्छा होने की संभावना है। किसानों के हित में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन की व्यवस्थाएं अच्छी हों। उपार्जन व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें।

वीडियो कांफ्रेंस मे प्रभारी कलेक्टर अमन वैष्णव, एडीएम एसएस मुजाल्दा, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत दिनेश वर्मा एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पेसा नियम के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड/ माणक लाल जैन।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 09 मार्च, 2023 को रात्रि 08:00 बजे पेसा समन्वयकों से वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पेसा नियम के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। पेसा कॉर्डिनेटर मुस्तैदी से कार्य करें। जनजातीय वर्ग के भाई-बहनों को पेसा नियम की पूरी जानकारी हो । प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ी जाए।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गरीबों के उत्थान के लिए राज्य सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी। जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए पेसा नियम की जानकारी उन तक हर हालत में पहुंचे। पेसा समन्वयक और मोबिलाइजर की बड़ी जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन बैठक करके दायित्व का निर्धारण करे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विभिन्न समितियों को प्रशिक्षण भी दिया जाए। पेसा नियम को नीचे तक ले जाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पेसा कोर्डिनेटर एवं मोबिलाइजर मिलकर कार्य करें। कॉर्डिनेटर को प्रशिक्षित करें। पूरी प्रमाणिकता के साथ पेसा नियम की जानकारी देने के लिए जुट जाएं।

जिले से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पैसा एक्ट के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की गई। उनके द्वारा पैसा एक्ट के जिला समन्वयक जोरसिंह कटारा से पैसा एक्ट के संबंध में चर्चा की गई। वीडियो कांफ्रेंस मे प्रभारी कलेक्टर अमन वैष्णव, एडीएम एसएस मुजाल्दा, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत दिनेश वर्मा, पेसा एक्ट के सभी ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे।

# संपत्ति के बाजार मूल्य की गाईड लाईन वर्ष 2023-24 की बैठक 16 मार्च को

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्याकंन समिति झाबुआ अचल सम्पत्ति के बाजार मूल्य गाईड लाईन का अनुमोदन कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला मूल्याकंन समिति, झाबुआ की अध्यक्षता में किया जाना है। सम्पत्ति के बाजार मूल्य की गाईड लाईन वर्ष 2023-24 की बैठक 16 मार्च 2023 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सायं 4:00 बजे आयोजित है। बैठक में वन मण्डलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत झाबुआ अमन वैष्णव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, महाप्रबंधक, उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, संयुक्त संचालक/उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, संपत्ति अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण मण्डल, भाडा नियंत्रण अधिकारी, अधीक्षक भू-अभिलेख, अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत मुख्यालय।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 10 मार्च को

## जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित होगी



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड/ माणक लाल जैन।** जिला पंचायत माननीय अध्यक्षा श्रीमती सोनल जसवंत सिंह भाभर की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दिनांक 10 मार्च शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश वर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अकमाल डामोर, जिला पंचायत सदस्य विक्रम वालसिंह मेडा, बाहदुर नानजी हटिला, श्रीमती अन्नु अजमेर सिंह, श्रीमती हर्षिता वालसिंह, विजय भाभर, शैलेन्द्र कुमार सोलंकी, श्रीमती शांति राजेश डामोर एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती भाभर के द्वारा बैठक का एजेण्डा जिसमें डीआरडीए प्रशासन मद में आवंटन के अभाव में जिला पंचायत की ब्याज राशि से अतिआवश्यक कार्य हेतु खर्च करने की अनुमति के संबंध में, डीआरडी प्रशासन मद में आवंटन प्राप्त होने पर उक्त राशि समायोजन की जाने के संबंध में निर्णय लिये गये एवं अन्य विषय माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदन में चर्चा की गई।

# लाडली बहना योजना 2023 हेतु वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग

**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप सचिव ''कार्मिक'' मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के पत्रानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ''मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना'' अन्तर्गत जिला स्तर पर संपादित की जाने वाली कार्यवाही हेतु 11 मार्च 2023 को प्रातः 10:00 बजे से वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है। वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में प्रातः 10:00 बजे से 10:45 तक आई.टी. डिपार्टमेन्ट का ई-केवाईसी पर प्रस्तुतीकरण एवं प्रातः 10:45 से 01:00 बजे तक संभागवार चर्चा की जायेगी।

# मध्य प्रदेश शासन सर्व शिक्षा अभियान के तहत साईकिल वितरित की गई



**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालावा हेराल्ड।** शुक्रवार 10 मार्च को ग्राम पंचायत खजूरी में प्राथमिक विद्यालय खजूरी में उपस्थित होकर कक्षा 6 टी के बालक बालिकाओ को मध्य प्रदेश शासन सर्व शिक्षा अभियान के तहत साईकिल वितरित की गई साईकिल मिलने पर सभी बच्चों में खुशी की लहर साइकिल मिलने पर अब हर बच्चा अब समय पर स्कूल आएगा एवं परीक्षा में अच्छी तैयारी करेगा हमारे बालक बालिकाओं को हर रोज दूर-दूर से पैदल स्कूलआना जाना पड़ता था अब साइकिल मिलने से सभी बच्चों मैं खुशी की लहार साईकिल वितरित कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य मुकेश भाबर सरपंच रुसमाल मईडा प्रधानाध्यापक संजय कुमार धानक सुभाष डामोर सचिव नाहर सिंह मेडा कोटवाल दूलसिंह पारगी एवं स्कूल के समस्त बच्चे एवं टीचर उपस्थित थे।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर नाटक मंचन कर बैटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ का संदेश दिया

## उपस्थित महिलाओं को 200 नीम के पौधे देकर स्वागत किया




**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में नारी जागरण मंच द्वारा दिगंबर जैन धर्मशाला पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का स्वागत किया।साथ ही सांस्कृतिक आयोजन भी हुए जिसमें एवरग्रीन ग्रुप, राधे मंडल, महेश्वरी मंडल, गणेश व्यायामशाला ने सुंदर सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नाटक मंचन कर बेटे एवं बेटियों में फर्क नहीं करने का संदेश दिया एवं बेटों की तरह बेटियों को भी पढ़ाने की समझाइश दी। इस आयोजन में 200 से अधिक महिलाएं उपस्थित हुई । सभी महिलाओं को एवरग्रीन ग्रुप द्वारा नीम के पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सुषमा पाठक ने बताया कि कई महिलाएं ऐसी भी हैं जो घर से बाहर निकल कर लगातार स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, एवं समाज सेवा सेवा कर रही हैं ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर परिषद की अध्यक्ष मीना यादव, जनपद उपाध्यक्ष ममता पाटीदार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कृतिका काबरा, महिला कोच बबीता पाल, रेखा अग्रवाल, समाज सेवी साधना गोरवाड़ा, डॉक्टर दीपशिखा दिवाकर मंच पर उपस्थित थे।

उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभावान मातृशक्ति का सम्मान किया जिसमें प्रमुख रुप से ज्योति बैरागी, कल्पना जोशी, मंजू रील, प्रतीक्षा सिसोदिया, श्रेष्ठा सिसोदिया, किरण सोमानी, सोनू पवार, सीमा रावल, मोहिका सिसोदिया, पूजा सोलंकी, डीम्मी गुज्जर, उषा बलदेवा, आदि का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुषमा पाठक ने की, कार्यक्रम की संयोजन जय श्री भट्ट, दीपा शर्मा, सहसंयोजक सारिका पटेल। संचालन स्मिता शर्मा ने किया, आभार सारिका पटेल ने माना। सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एंजेल आर्य, सौम्या पाटीदार द्वारा सरस्वती वंदना कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कामयानी शर्मा द्वारा स्वागत गीत सुनाया गया।

उपस्थित अतिथियों का स्वागत नारी जारी जागरण महिला मंडल द्वारा पौधे भेंट कर किया गया। वही नगर की महिला पार्षद अनीता यादव, अनीता चौहान, बबीता नागल, का भी स्वागत किया।इस मौके पर आशा शराफ, शीला शराफ,ममता महेश्वरी, सपना व्यास, विद्या शर्मा, कमलेश ठाकुर, सीमा शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, विजय लता जोशी, निर्मलाआर्य, आशा रावल, वीणा दुबे, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# शासकीय विक्रम महाविद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं परियोजना कार्य पर कार्यशाला का आयोजन रखा गया

## खाचरोद में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं परियोजना कार्य पर आयोजन



**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन के खाचरोद में शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरोद में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं परियोजना कार्य पर एक कार्यशाला का आयोजन रखा गया जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर प्रदीपसिंह राव के मार्गदर्शन में किया गया डॉ .लीला बामनिया नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी एवं परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए प्रश्नों उत्तर कैसे लिखना चाहिए आदि के बारे में विस्तार से बताया डॉ. नदीम अंसारी ने परियोजना कार्य को कैसे तैयार करें और विभिन्न संस्थाओं में जाकर जानकारी प्राप्त करने और परियोजना कार्य को कैसे तैयार करें डॉ.राव ने समय प्रबंधन कैसे करें और व्यक्तित्व विकास के लिए उपाय बताएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने और प्रशिक्षण देने का आश्वासन दिया आभार डॉ अर्चना ललावत ने माना कार्यशाला में उपस्थित डॉ.नलिनी पाटोलिया, डॉ अंतिम रावत डॉ अजय वख्तरिया डॉ आशीष गुप्ता डॉ. भावना पाटीदार नेहा कैथवास डॉ. मनीष मौर्य डॉ. रचना सक्सेना व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यशाला निरंतर जारी रहेगी

# शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट को लेकर पीआईयू ने प्रेजेंटेशन दिया, कई लोगों ने दिए सुझाव





**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भगवान पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति के सभाकक्ष में शुक्रवार को शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट के संबंध में पी.आई.यू. विभाग द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला एवं नगरपालिका के पार्षदगणों को शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट की क्रियान्वयन एजेंसी पीआईयू की संभागीय परियोजना यंत्री बबीता सोनकर ने आवश्यक जानकारी दी। बैठक में लोगों ने सुझाव दिए। सुझावों में कहा गया कि शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट में चन्द्रपुरा साईड के जो नाले छोड़े गये है उन्हें भी प्रोजेक्ट में शामिल करे तथा जहां भी आवश्यक हो वहां पाईप लाईन की सफाई हेतु पर्याप्त चौड़ाई के चेम्बर छोड़े जाये ताकि पाईप लाईन की जरूरत पड़ने पर सफाई की जा सके। शिवना शुद्धिकरण में जो भी नाले शामिल नहीं है उन्हें भी जोड़ा जाये ताकि प्रोजेक्ट का लाभ नगरवासियों को मिले। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि समय समय पर प्रोजेक्ट की प्रगति से नपा के जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जावे। बैठक में पीआईयू के द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्षा ऋतु के पानी की निकासी नहीं की जायेगी। वर्षाकाल के दौरान यह पाइप लाइन बंद रहेगी ताकि इसमें गाद व मिट्टी नहीं जाये। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य हो रहा है उसकी निगरानी पीआईयू के द्वारा की जा रही है। बैठक में जो सुझाव आये है उन्हें दिल्ली व भोपाल पीआईयू कार्यालय भेजा जायेगा।

प्रेजेंटेशन एवं निरीक्षण के मौके पर संभागीय परियोजना यंत्री सोनकर ने बताया कि शिवना शुद्धिकरण का यह प्रोजेक्ट लगभग 28 करोड़ 91 लाख रू. का है। इसमें 6 कि.मी. की सीवरेज पाईप लाईन व आवश्यक स्थान पर घाट एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 1.20 मीटर गोलाई की पाइप लाइन मंदसौर नगर के गंदे पानी की निकासी के लिये बिछाई जायेगी। खानपुरा स्थित बुगलिया नाले से लेकर मुक्तिधाम के आगे तक मंदसौर नगर के 11 नालों के पानी की निकासी इस पाईप लाईन से की जायेगी। इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। वर्तमान में बुगलिया नाले खानपुरा से पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है।

## भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन, खेतों में झूलते विद्युत तारों को सुधारने की भी मांग




**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम भारतीय किसान संघ कार्यकर्ताओं ने संयुक्त कलेक्टर बिहारीसिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें असमय बारिश ओले से हुए फसलों में नुकसान की मुआवजा राशि और बीमा राहत देने की मांग की है।

साथ ही जिले में विद्युत कम्पनी की लापरवाही के कारण आये दिन घटनाएं होती रहती हैं। वर्तमान में सिंचाई करने वाले शेड्यूल परिवर्तन कर सुबह 5 से 11 करने और खेतो में झूल रहे विद्युत तारो में सुधार करने और जिले में पशु मवेशियों के खाने योग्य भुसा बाहर जाने पर प्रतिबंध लगाने के साथ उद्योग वाले बायलर में भूसा जलाने पर प्रतिबंध लगाया जाए की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। दोपहर में भारतीय किसान संघ के सेकड़ो कार्यकर्ता और किसान शहर के दशपुर कुंज में एकत्रित हुए। इसके बाद बाइक रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जिला इकाई मंदसौप प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश चौधरी जाट ने चेतावनी देते हुए बताया की सरकार किसानों की विभिन्न मांगों को पूरा करे अन्यथा खामियाजा भुगतने को तैयार रहें । ज्ञापन सौंपने के दौरान मंदसौर गरोठ क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शादीशुदा प्रेमिका का मर्डर: प्रेमी ने गला घोटा, पुलिस ने धरदबोचा



**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुवासरा में एक लॉज से महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सुवासर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं, आरोपी प्रेमी को पुलिस ने भागने से पहले गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। मंदसौर एसपी अनुराग सुजानिया ने बताया कि मृतक महिला की पहचान आगर मालवा जिले के गिरोली थाना बड़ोद की रहने वाली ममता बावरी (22) के रुप में हुई है। महिला पहले से शादीशुदा है और उसका पहला पति दिनेश है जिससे उसे एक बच्चा भी है। 6 माह पहले महिला सुवासरा के बावरी खेड़ा गांव के रहने वाले तूफान सिंह के साथ भाग गई थी। महिला की गुमशुदगी आगर जिले के बड़ौद थाने में दर्ज है। महिला और उसका प्रेमी दोनों 6 माह से राजस्थान के सीकर जिले में लिव-इन में रह रहे थे। कुछ दिन पहले दोनों अपने गांव वापस आ गए थे इसी दौरान महिला के परिजन उसे लेने सुवासरा पहुंचे लेकिन महिला जाना नहीं चाहती थी। परिजनों के बीच लड़ाई झगड़ा नहीं हो, इसलिए दोनों सुवासरा के बस स्टैंड स्थित मोती महल लाज में रुके थे। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ। दोनों के बीच हुए विवाद में प्रेमी तूफान सिंह ने प्रेमिका का गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी शामगढ़ रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर भागने की फिराक में था। इससे पहले सूचना मिलने पर शामगढ़ पुलिस ने आरोपी को स्टेशन से पकड़ लिया और सुवासरा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# अफीम नियमों में हो संशोधन किसानों को दी जाय राहत-परशुराम सिसौदिया

## कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मिला नारकोटिक्स अधिकारी से सौंपा ज्ञापन



**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से अफीम की फसल को काफी नुकसान हुवा है। शुक्रवार को कांग्रेस नेता परशुराम सिसोदिया के नेतृत्व में नारकोटिक्स कार्यालय पहुंच कर एक ज्ञापन वित्तमंत्री भारत सरकार व डीएनसी नीमच के नाम नारकोटिक्स निरीक्षक पकंज पाटीदार को सौपा। जिसमे बताया गया कि 4 मार्च से 6 मार्च तक विधानसभा क्षेत्र में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि ने अफीम उत्पादक किसानों की मुश्किलें बढ़ा दि है। किसान अपनी औसत को पूरा करने को लेकर चिंतित होकर परेशान है और उसे पट्टा कटने के डर अभी से सता रहा है। क्षेत्र में कही कही इतनी अत्यधिक ओलावृष्टि हुई कि चिरी हुई अफीम धूल गई व डोडे भी फट गए केंद्र सरकार व नारकोटिक्स विभाग के बने हुवे कठोर नियमो के चलते प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त अफीम की फसल पर किसी भी प्रकार की राहत नही मिल पाई है जबकि नुकसान सामने दिख रहा है इसको लेकर केंद्र सरकार शीघ्र नियमो में संसोधन करे। अन्य फसलों की तरह बीमा भी होना चाहिए। क्योकि बहुत बार किसान की कड़ी निगरानी के बावजूद घर मे रखी हुई अफीम चोरी होजाती है और खेत से चोर डोडे भी तोड़कर लेते जाते है फिर गलती किसान की मानकर उसका पट्टा निरस्त कर दिया जाता है। कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया ने कहा किअफीम उत्पादक किसानों को राहत दी जाय नियमो में तत्काल संशोधन किया जाय अफीम उत्पादक किसानों की लड़ाई कांग्रेस लड़ेगी ओर उन्हें न्याय दिलाएगी।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन आज, 15 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**सोयत कला /विष्णु जाटव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आज शनिवार को नगर परिषद कार्यालय के सामने किया जाएगा। जिसकी सारी तैयारीयां शुक्रवार को पूर्ण कि। नगर परिषद सीएमओ अशोक कुमार पांचाल ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। जिन्हें उपहार स्वरूप ?55000 की राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें ?11000 का चेक एवं ?38000 की सामग्री व ?6000 सामूहिक विवाह कार्यक्रम योजना करने हेतु आयोजन करने हेतु निकाह को देय होगी।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए आवेदन पत्र दिनांक 25/03/2023 से लिए जाना प्रारंभ



**आलोट/राकेश चोहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन के द्वारा प्रारंभ की जा रही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए आवेदन पत्र दिनांक 25/03/2023 से लिए जाना प्रारंभ होना हैं। उक्त आवेदन भरने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की पूर्णता में सहयोग हेतु जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आलोट उपखंड के ग्रामों में शिविर लगाए जाने प्रारंभ किए गए हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राही महिलाओं को उनके बैंक खातों की ईकेवाईसी, बैंक से आधार लिंक करना, मोबाइल नंबर लिंक करने आदि के संबंध में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उक्त कार्य का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री मनीषा वास्कले और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किया गया। इस क्रम में अधिकारियों द्वारा ग्राम धरोला, पाटन, डाबरिया, पाटन आदि में भ्रमण कर क्षेत्रीय कर्मचारियों को पर्यवेक्षण किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। ग्रामीणों को योजना के लाभों और पात्रता संबंध में बताया गया।


## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

// जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की क्षिप्रा विहार योजना के अंतर्गत आवासीय उपयोग के भवन/भूखण्ड क्रमांक ई-11/29 श्रेणी ईडब्ल्यूएस को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **(1) श्री कमल जोशी पिता घासीरामजी जोशी (2) श्रीमती गीता जोशी पति श्री कमल जोशी निवासी- 19, नागेश्वर नगर आनंद आश्रम की गली, उज्जैन म.प्र.** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 8/2/2023 के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखो में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी। तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

// जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की नानाखेड़ा वेदनगर आवासीय योजना में आवंटित भवन/भूखण्ड क्रमांक ए-24/1 श्रेणी एमआईजी को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की नानाखेड़ा वेदनगर आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड/क्रमांक ए-24/1 श्रेणी एमआईजी प्राधिकारी रिकार्ड में **श्री संजय जोशी पिता आर.जी. जोशी निवासी- ए-24/1, एमआईजी वेदनगर नानाखेड़ा उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में सम्परिवर्तन किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

// जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की नानाखेड़ा वेदनगर आवासीय योजना में आवंटित भवन/भूखण्ड क्रमांक ए-6/10 श्रेणी एलआईजी को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की नानाखेड़ा वेदनगर आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड/क्रमांक ए-6/10 श्रेणी एलआईजी प्राधिकारी रिकार्ड में **श्री सत्यनारायण दुबे पिता श्री मिश्रीलाल जी दुबे निवासी- ए-6/10, एलआईजी वेदनगर, उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में सम्परिवर्तन किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड उज्जैन

यंत्र महल मार्ग गऊघाट उज्जैन Ph.07342551567 Email:-exeujjain@gmail.com

क्र.1299/लेखा/का.य./2022-23 उज्जैन दिनांक:-06/03/2023

निविदा सूचना क्र.61/2022-23 दिनांक 06/03/2023

जल जीवन मिशन के अंतर्गत उज्जैन जिले के विकासखण्ड घटिया के विभिन्न ग्रामो की रेट्रोफिटिंग/नवीन नलजल योजनाओं में शत् प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन किये जाने के कार्य की निम्नानुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र | सिस्टम क्रमांक | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत रु में | धरोहर राशि रु में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु मे |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PHED_257966_1 | उटेसरा पदमाखेड़ी, नागपुरा, महुखेड़ी, रनाहेड़ा, गुनावा, नानाखेड़ी, रामगढ़ | 39346130.00 | 393461.00 | 15000.00 |

निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है आनलाईन निविदा प्रपत्र कय करने की अंतिम तिथि 16.03.2023 शाम 17.30 बजे तक निर्धारित है।

(राजीव खुराना)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यां. खण्ड उज्जैन

G24274/22

होली रंगों का खजाना है, मिलजुल कर मनाना है। होली पर गुलाल खेलना है, हरियाली बचाना है।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड उज्जैन

यंत्र महल मार्ग गऊघाट उज्जैन Ph.07342551567 Email:-exeujjain@gmail.com

क्र. 1305/लेखा/का.य./2022-23 उज्जैन दिनांक:-06/03/2023

निविदा सूचना क्र.63/ 2022-23 दिनांक 06/03/2023

जल जीवन मिशन के अंतर्गत उज्जैन जिले के विकासखण्ड घटिया के विभिन्न ग्रामो की रेट्रोफिटिंग/नवीन नलजल योजनाओं में शत् प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन किये जाने के कार्य की निम्नानुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र | सिस्टम क्रमांक | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत रु में | धरोहर राशि रु में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु मे |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PHED_258007_1 | पंचेड़, मोतीपुरा, बिहारीया, बोरखेड़ी, सुतारखेड़ा, केशरपुर, गुनाईजागीर, निपानीयासुनार | 31625177.00 | 316252.00 | 15000.00 |

निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है आनलाईन निविदा प्रपत्र कय करने की अंतिम तिथि 16.03.2023 शाम 17.30 बजे तक निर्धारित है।

(राजीव खुराना)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यां. खण्ड उज्जैन

G24279/22

होली रंगों का खजाना है, मिलजुल कर मनाना है। होली पर गुलाल खेलना है, हरियाली बचाना है।

## सम्पादकीय

# भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रिश्तों पर ऐसे दिया संदेश

क्रिकेट मैच एक ऐसा अवसर होता है, जब दुनिया भर के दर्शक उससे जुड़े होते हैं। ऐसे में जब भारतीय और आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एक साथ मोटेरा स्टेडियम पर उतरे तो वह एक तरह से पूरी दुनिया के लिए एक संदेश था।पीएम नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथोनी अल्बानीज 9 मार्च 2023 को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2023 के अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल देखने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ को स्पेशल कैप दी। (सोर्स- ट्विटर/एएनआई)राष्ट्रों के प्रमुख खेल, सांस्कृतिक आयोजनों आदि में शिरकत करके भी अपने देशों के रिश्ते प्रगाढ़ करने का प्रयास करते हैं। जब भी किसी मित्र देश का शीर्ष नेतृत्व मेहमान बन कर आता है, तो उसे अपने देश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जाता है। मुलाकात, बातचीत, समझौतों आदि के लिए ऐसी जगहों का चुनाव किया जाता है, जहां से कोई बड़ा संदेश दिया जा सके। क्रिकेट और फुटबाल चूंकि दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल हैं, इसलिए उनके बड़े आयोजनों में भी राष्ट्रों के प्रमुख हिस्सा लिया करते हैं। इस समय भारत और आस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिसके तहत अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में चौथा और अंतिम टेस्ट मैच खेला गया। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज इस मैच से एक दिन पहले ही भारत पहुंचे थे। इस तरह एक अच्छा अवसर था, जब दोनों देशों के प्रमुख उस मैच में हिस्सा लेकर अपनी मित्रता की मजबूती प्रदर्शित करें। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री को लेकर भारतीय प्रधानमंत्री मोटेरा स्टेडियम पहुंचे और दोनों नेताओं ने अपने-अपने देशों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। स्वाभाविक ही, इससे दर्शकों में भी दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्तों का खुशनुमा संदेश गया। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दोस्ती का यह पचहत्तरवां साल है। पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक-वाणिज्यिक संबंध लगातार प्रगाढ़ होते गए हैं। इस बार की भारत यात्रा पर भी आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एलान किया कि गुजरात में आस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय अपना परिसर खोलेगा। दोनों देश शिक्षा के क्षेत्र में रिश्तों को मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुछ दिनों पहले ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने घोषणा की कि विदेशी विश्वविद्यालयों को भी भारत में अपने परिसर खोलने की इजाजत दी जाएगी। इस तरह आस्ट्रेलिया पहला देश होगा, जिसने अपने किसी विश्वविद्यालय का परिसर खोलने का एलान किया है। आस्ट्रेलिया, भारत का सत्रहवां बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश है और भारत आस्ट्रेलिया का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों में कभी खटास नहीं देखी गई। यहां तक कि कोरोना प्रभाव के चलते जब दुनिया भर में व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुईं, तब भी दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियां लगातार बढ़ीं। उस दौरान आस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात एक सौ पैंतीस फीसद बढ़ा। भारतीय वस्तुओं के लिए आस्ट्रेलिया एक बड़ा बाजार है। और ऐसे वक्त में जब भारत अपना निर्यात बढ़ाने पर जोर दे रहा है, आस्ट्रेलिया के साथ उसके रिश्तों में बढ़ती गर्मजोशी से स्वाभाविक ही सकारात्मक नतीजे निकलेंगे।

भारत का जोर हमेशा से छोटे देशों के साथ मिल कर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर रहा है, ताकि पश्चिमी और ताकतवर देशों के बरक्स एक मजबूत गठजोड़ तैयार किया जा सके। आस्ट्रेलिया के साथ रिश्तों की अहमियत इस दृष्टि से बड़ी है। अब रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया में जिस तरह महाशक्तियों का ध्रुवीकरण हो रहा है, उसमें व्यापारिक गतिविधियों के समीकरण बदलते देखे जा रहे हैं। ऐसे में भारत जैसे देशों को अपने व्यापारिक सहयोगियों का अलग तंत्र विकसित करना ही होगा। क्रिकेट मैच एक ऐसा अवसर होता है, जब दुनिया भर के दर्शक उससे जुड़े होते हैं। ऐसे में जब भारतीय और आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एक साथ मोटेरा स्टेडियम पर उतरे तो वह एक तरह से पूरी दुनिया के लिए एक संदेश था। चीन, रूस, अमेरिका, फ्रांस आदि इससे संकेत ले सकते हैं कि भारत केवल उन पर निर्भर नहीं है, वह छोटी अर्थव्यवस्थाओं को एक मंच पर लाने और उनका नेतृत्व करने का दम रखता है।

# आत्मन्येवात्मना तुष्ट : की अनुभूति प्रदान करता है सहजयोग



सब अनात्मपदार्थों की तृष्णा से रहित पुरुष ही स्थितप्रज्ञ कहलाता है ।

भगवद्गीता में अर्जुन प्रश्न करते हैं कि हे कृष्ण 'स्थितप्रज्ञ' किसे कहते हैं ? भगवान श्रीकृष्ण उत्तर देते हैं, हे पार्थ,

**प्रजहाति यदा कामान् सर्वान्**
**पार्थ मनोगतान्।**
**आत्मन्येवात्मना तुष्टः**
**स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते।।**

अर्थात् जो मानव अपनी संपूर्ण कामनाओं का त्याग कर, अपनी आत्मा को प्राप्त होता है। और वह उसकी हृदयस्थ आत्मा ही उसे परम संतुष्टी देती है, परमानंद,और निरानंद प्रदान करती है। और निरानंद में स्थित रहकर, जीवन की गतिविधियों को एक नाटक के समान साक्षीभाव से देखनेवाले साधक को 'स्थितप्रज्ञ' कहते हैं।

सहजयोग के अभ्यास से स्थितप्रज्ञ भाव की जागृति अत्यंत सरल है। सहजयोग प. पू. श्री माताजी द्वारा इस विश्व को दिया हुआ एक अनुपम उपहार है। आज जब हम संसार की विविध गतिविधियों और मानवों की विविध प्रवृत्तियों पर नजर डालते हैं, तो देखते हैं कि इस संसार मे कोई भी आदमी सुखी, समाधानी या संतुष्ट नहीं है। सुख या आनंद ढूंढने के लिये हम भौतिक चीजें पाने की होड़ लगा देते हैं, परंतु सूक्ष्म अवलोकन करके देखें, क्या भौतिक चीज़ें मानव को उस संतुष्टि का अनुभव दे पाती हैं ? इसी प्रकार हम आराम या फुर्सत की बात करते हैं। आजकल लोग हर हफ्ते वीकेंड मनाने जंगलो में , समुद्र तट पर या अन्य स्थानों पर जाते हैं, या और कोई मनोरंजन का बहाना ढूंढते हैं, परंतु इतना सब करने के बाद भी मन को परमसुख की अनुभूति देने वाली वो तथाकथित शांति नहीं प्राप्त कर पाते। प.पूज्य श्री माताजी निर्मलादेवी जी कहती हैं कि, आत्मा का आनंद पाये बगैर आप जीवन में खुशहाल नहीं हो सकते। भौतिकता आपको क्षणिक सुख दे सकती है परंतु शाश्वत आनंद का स्त्रोत तो आपके हृदय में छिपा है और जब सहजयोग में आपको आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है, तो आपकी माँ स्वरूपिणी कुंडलिनी शक्ति तीसरे चक्र जिसे नाभि या मणिपुर चक्र कहा जाता है उसे लांघती है और आपको अंदर से तुष्टि का अनुभव दिलाती है। वो शक्ति आपको आपका लक्ष्मीतत्व प्रदान करती है यानि कि आपकी तबीयत एक राजा जैसी बन जाती है। आपके जीवन के हर पल का आप आनंद उठाने लगते हैं। आपकी सारी अशुद्ध इच्छाएं, शुद्ध इच्छा में परिवर्तित हो जाती हैं । आपके जीवन मे आई यह संतुष्टी आपके व्यक्तित्व में झलकने लगती है। आप भी यदि संतुष्टी के इस भाव की अनुभूति पाना चाहते हैं तथा साक्षी स्वरूप, स्थितप्रज्ञता, में स्थित होना चाहते हैं तो सहजयोग ध्यान का अनुभव अवश्य प्राप्त करें।

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं -1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल- लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे

# कारोबार में उन्नती और लाभ बढ़ाने के लिए आजमाकर देखें इन उपाय को

### शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

अगर आपके भी कारोबार में उन्नती न हो रही हो या फिर लाभ न मिल रहा हो तो आप इन टोटकों को अपनाकर व्यापार में लाभ पा सकते हैं। इन उपायों से आपके व्यवसाय और नौकरी में आ रही समस्याएं दूर हो सकती हैं।

**1-व्यापार ठीक न चल रहा हो तो**

यदि आपका व्यापार ठीक न चल रहा हो तो शुक्ल पक्ष के किसी भी दिन से एक उपाय शुरू कर सकते हैं। आपको केवल अपने व्यापारिक स्थल के दरवाजे के बाहर की ओर दोनों ही तरफ गेहूं का एक- एक मुट्ठी आटा डालना है। ध्यान रहें यह उपाय लगातार 1माह 13 दिन तक करना होगा। इससे व्यापार में लाभ होने के योग बनते हैं।

**2-यदि व्यापार में दिक्कतें आ रही हों तो**

यदि व्यापार में कोई समस्या आ रही है तो आप किसी ऐसे कारोबार में सफल व्यापारी के यहां से शनिवार के दिन कोई लोहे की वस्तु अपने यहां ले आएं। इसके बाद अपने व्यापार स्थल पर किसी भी जगह हल्दी का स्वास्तिक बनायें। इसके बाद उस पर थोड़े से काली वाली साबुत उड़द रखें और उसके ऊपर वह लोहे की वस्तु रखें जो आप व्यापारी के यहां से लाए हों। इसके बाद आपके व्यापार में भी तरक्की होने लगेगी।

**3-कारोबार में नुकसान हो रहा हो तो**

यदि आपको व्यवसाय में लगातार कोई नुकसान हो रहा हो या फिर हमेशा लड़ाई-झगड़ा होता रहता हो तो अपने वजन के बराबर कच्चा कोयला लें। उसको शनिवार के दिन बहते पानी में बहा दें। व्यवसाय में हो रहे नुकसान से छुटकारा मिल जाएगा।

**4-व्यवसाय की बिक्री बढ़ानी हो तो**

अगर आपके व्यवसाय में बिक्री में नुकसान हो रहा हो तो ऐसी स्थिति में बिक्री बढ़ाने के लिये शुक्ल पक्ष के प्रथम शुक्रवार को पांच गोमती चक्रलें। इसके बाद उसे लाल वस्त्र में बांध कर अपनी दुकान की चौखट से बांध दें। इसके बाद ईश्वर से बिक्री बढ़ाने की प्रार्थना करें।

5-कर्मचारी स्थिर न हो रहे हों तो

यदि आपके कार्यालय या फिर व्यवसाय में कर्मचारी छोड़ कर चले जाते हों तो किसी शनिवार को रास्ते में पड़ी हुई कील उठा लें। इसके बाद उसे भैंस के मूत्र से धो लें और अपने व्यवसाय स्थल पर गाड़ दें। इसके बाद देखिए किस तरह से कर्मचारी पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करने लगेगें और आपको व्यवसाय में लाभ होगा।

### समस्या कोई भी हो, तुरंत दूर करेंगे ये 4 चमत्कारी उपाय, जरूर पढ़ें

जीवन में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं जैसे सेहत खराब होना, अशांति होना, धन की कमी, बिजनेस ठीक से न चलना, कार्य में बाधाएं आना आदि। इस सभी समस्याओं से बचने या इन्हें समाप्त करना चाहते हैं तो जानिए ये आसान से उपाय, जो आपकी हर समस्या को कर देंगे हमेशा के लिए दूर ...

**1 पहला उपाय - व्यापार में लाभ के लिए**

यदि आपका बिजनेस ठीक नहीं चल रहा और आपको लगता है कि उसे किसी की नजर लग गई है, तो ये उपाय आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

इसके लिए आपको अमावस्या या शनिवार की सुबह एक नींबू लेना है और उसके चार टुकड़े करना है। इसके बाद थोड़ी सी पीली सरसों, 21 काली मिर्च व 7 लौंग लेकर बिजनेस वाले स्थान पर कहीं भी रख दें। फिर शाम के वक्त इन सभी चीजों को काले कपडे में बांधकर किसी सूखे कुंए में फेंक दें, जिसमें पानी न हो।

हर महीने इस उपाय को करने से व्यापार पर लगी नजर और सभी तरह की बाधा दूर होंगी और आपका व्यापार चलने लगेगा।

**2 दूसरा उपाय - मनोकामना पूर्ति के लिए**

हल्दी की 7 साबुत गाठें, 7 गुड़ की डली, एक रूपए का सिक्का लें।

इन तीनों चीजों को गुरुवार को पीले कपड़े में बांधकर रेलवे लाईन के पार फेंक आएं। जब आप इसे फेंक रहे हों, तब अपनी उस इच्छा को बोलें जिसकी पूर्ति नहीं हो पा रही या बाधा आ रही हो। ऐसा करने से बिना किसी बाधा के आपकी मनोकामना पूरी हो जाएगी।



धर्म

पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**3 तीसरा उपाय - जरुरी कार्य से जाते समय करे यह उपाय**

घर के किसी भी कार्य के लिए निकलते समय पहले विपरीत दिशा में 4 कदम जाएं, इसके बाद कार्य पर चले जाएं, ऐसा करने से आपका कार्य जरूर बनेगा।

**4 चौथा उपाय - घर में सुख-शांति हेतु कुछ आसान से उपाय**

परिवार में सुख-शांति और समृद्धि चाहते हैं तो प्रतिदिन प्रथम रोटी के चार बराबर भाग करें और इन चारों भागों को एक-एक कर क्रमशः गाय को, दूसरा काले कुत्ते को, तीसरा कौए को और चौथा चौराहे पर रख दें। ऐसा करने से घर में सुख शांति बनी रहेगी और समृद्धि आएगी।

**11 मार्च 2023** - रोजगार, रोमांस और स्वास्थ्य के लिए कैसा रहेगा शनिवार का दिन, पढ़ें अपना राशिफल

**मेष राशि**

**आज का भविष्य** - आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें।

**शुभ अंक-06**
**शुभ रंग - बैंगनी**
**उपाय - राम रक्षास्तोत्र का पाठ करें।**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य**-कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**शुभ अंक 03**
**शुभ रंग हरा**
**उपाय गाय को रोटी खिलाएं।**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य**- लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**शुभ अंक - 09**
**शुभ रंग- भूरा**
**उपाय-परिंदों को दाना डालें।**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य**-कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**शुभ अंक-07**
**शुभ रंग -महरून**
**उपाय -किसी गरीब को वस्त्र दान करें।**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** -लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे।

**शुभ अंक -01**
**शुभ रंग-नीला**
**उपाय-हनुमान चालीसा का पाठ करें।**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य** -वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**शुभ अंक -02**
**शुभ रंग -स्लेटी**
**उपाय-मेहंदी दान करें।**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य**-कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**शुभ अंक-05**
**शुभ रंग-काला**
**उपाय-सुंदरकाण्ड का पाठ करें।**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य**-भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**शुभ अंक-03**
**शुभ रंग-आसमानी**
**उपाय-धार्मिक पुस्तक दान करें।**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य**-आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। घर में तनाव रह सकता है।

**शुभ अंक -09**
**शुभ रंग -पीला**
**उपाय -मां लक्ष्मी जी की पूजा करें।**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य** -आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**शुभ अंक -05**
**शुभ रंग -लाल**
**उपाय -शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें।**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य** -विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी।

**शुभ अंक-03**
**शुभ रंग-नारंगी**
**उपाय-सूर्यदेव को जल दें।**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य**-मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें।

**शुभ अंक -08**
**शुभ रंग -स्लेटी**
**उपाय -किन्नरों को पैसा दान करें।**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# स्वास्थ्य की रक्षा प्राथम्य, समय की महत्ता को समझें (समय ही धन है)

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता हैद्य मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैद्य इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता हैद्य मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता हैद्य समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता हैद्य इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैद्य इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेद्य भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता हैद्य इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैद्य इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगाद्य फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55त्न हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज क्कैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2/तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ्य ही एक बड़ा धन होता है।



संजीव ठाकुर

# लेख-वर्तमान संयुक्त परिवार और बिखरते रिश्ते

एक समय था जब लोग परिवार में रहना पसंद करते थे, लोगों की संपन्नता का अंदाजा उनके परिवार की एकजुटता के आधार पर लगाया जाता था, परिवार में वैचारिक मेल मिलाप के कारण पीढ़ी दर पीढ़ी प्रतिष्ठा बनी रहती थी,

परिवार के धनी व्यक्ति की बिरादरी में विशेष इज्जत होती थी, और ऐसे लोग ही पूरे समाज का प्रतिनिधित्व करते थे बड़े परिवार का मुखिया पूरे समाज का मुखिया बनकर सामने आता था, तथा उसकी बात ही सर्वमान्य होती थी संयुक्त परिवार के उस दौर में परिवार के रिश्तो के बीच एक विशिष्ट अपनापन प्रेम और सम्मान का माहौल होता था, इन संयुक्त परिवार का फायदा पूरे समाज को मिलता था, समस्त समाज मिलकर राष्ट को एक सूत्र में बाँधने का संदेश देते थे।

उस समय पूरा मोहल्ला और पूरा गाँव एक परिवार की तरह एक दूसरे के साथ हर परिस्थितियों में खड़े रहते थे, मोहल्ले में अगर कोई बुजुर्ग होता था तो वहाँ सब का बुजुर्ग माना जाता था किसी भी परिवार का दामाद, पूरे गाँव का दामाद हुआ करता था। तात्पर्य यह है कि, आपसी प्रेम से सभी मिलजुल कर रहते थे तथा एकजुटता का संदेश देते थे।

लेकिन वर्तमान समय की बात करें तो सब कुछ सपना सा लगता है, अब ना परिवार रहे ना वैसे मोहल्ले ना गाँव ! परिवार छोटे हो गए सबकी अपनी स्वयं की दुनियाँ जिसके अंतर्गत बाहर का कोई भी व्यक्ति जुड़ा नहीं होता है, पहले लोग परिवार के लिए जीते थे पर आज बात स्वयं पर आकर टिक गई है, जिम्मेदारी के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति अपनी बीवी बच्चों के लिए जीना उचित समझता है, जिम्मेंदारी के नाम पर यदि परिवार के किसी अन्य सदस्य को मदद की आवश्यकता पड़ने पर उसे वह बोझ लगने लगता है, सहायता आर्थिक हो या मानसिक उसी समय खराब करना लगने लगा है, जिंदगी बस इसी उधेड़बुन में लगा देता है कैसे अपने बीवी बच्चे को ज्यादा से ज्यादा सुविधायें दे सके , समाज में आजकल प्रतिष्ठित व्यक्ति की यही परिभाषा है।

जीवन के लिए संघर्ष करता व्यक्ति आज रिश्तों को भूलता जा रहा है रिश्ते जो बिखरने से पहले भावनात्मक लगाव अथवा जुड़ाव उदाहरणार्थ कभी अपने मामा, कभी चाचा, कभी ताऊ, सहायता की अपेक्षा रखना निराधार होता जा रहा है। यह रिश्तें कहीं आर्थिक बोझ ना बने इसी डर की वजह से वह अपनों से दूर होता जा रहा है।

आज का व्यक्ति सिर्फ अपनी जिंदगी जी रहा है उसे दूसरे रिश्तो में झाँकने से डर लगने लगा है, सारी दुनियाँ की खबर गूगल से रखता है, या टेलीविजन से, पर पड़ोसी का हाल क्या है उसे नहीं पता होता है। आलम यह है कि, लोग दिनदहाड़े अपने घरों में अंदर से ताला लगाकर कैद होकर रह रहे हैं और कहते हैं जमाना बदल गया है, पर कभी यह नहीं सोचा जमाना बदला किसने?

आज जरूरत है इन तालो को तोड़ने की, साथ ही अपने दिलों में एक रोशनदान की जिससे आपको पता रहे आपके मोहल्लें में शायद किसी को आपकी जरूरत भी पड़ सकती है। औपचारिकता के आधार पर आपको अपने घर परिवार मोहल्ले गाँव में घट रही घटनाओं और लोगों से जुड़े रहना चाहिए, हमें अपने संस्कार नहीं भूलना चाहिए अपनी परंपराओं को लेकर चलना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। याद रखिए विकास करना बुरी बात नहीं है पर स्वयं का विकास करते करते घर से परिवार से रिश्तो से समाज से दूर हो जाना नासमझी है समझदार बने ,और संयुक्त परिवार और मोहल्ले के महत्व को समझे ताकि आने वाले समय में हमारी अगली पीढ़ी को कह सके कि हाँ! हमने भी आपके लिए एक सुखी समृद्ध और विकसित भारत छोड़ा है।



**-रत्ना मजूमदार**

# संपत्तिकर, व जलकर की वसुली को लेकर नगर निगम सख्त

**– प्रतिदिन कुर्की की कार्यवाही के साथ हो रहे है नल कनेक्शन विच्छेद**




**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वित्तीय वर्ष समाप्ति के ओर है नगर निगम को शासन लक्ष्य अनुरूप राजस्व वसुली की जाना है। राजस्व वसुली लक्ष्य पूर्ति के लिए निगम की टीम द्वारा सतत घर–घर संम्पर्क कर बकायादारो से वसुली की जा रही है वहीं बकाया करदाताओ के विरूद्ध कुर्की का कार्यवाही व नल कनेक्शन विच्छेद भी किये जा रहे है। आयुक्त विशालसिह चौहान के द्वारा राजस्व वसुली मे वृद्धि हेतु अधिकारियो एवं कर्मचारियो को संपत्तिकर, जलकर व कचरा संग्रहण शुल्क वसुली को लेकर प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो कि उनके वार्ड की डिमाण्ड होकर लक्ष्य पूर्ति की जाना है। जिसमे राजस्व वसुली हेतु उपयंत्री खुशवंत बघैल 3 लाख 80 हजार, दिलीप मालवीय 2 लाख 20 हजार, श्रीमती अनिता ठाकुर 2 लाख 80 हजार, राजस्व उप निरीक्षक ब्रजेश शर्मा 6 लाख, राजेश जोशी 7 लाख, संजय सांगते 7 लाख, रविन्द्रसिह ठाकुर 7 लाख 50 हजार, कचरा संग्रहण शुल्क वसुली के लक्ष्य पूर्ति हेतु स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल खरे 31 हजार, राजेश सांगते 27 हजार, हेमन्त उबनारे 54 हजार भूषण पवार 50 हजार ओमप्रकाश पथरोड को 40 हजार प्रतिदिन की वसुली किये जाने के आदेश आयुक्त द्वारा जारी किये गये है। साथ ही आयुक्त द्वारा सभी वसुलीकर्ता अधिकारियो को कुर्की की कार्यवाही, नल कनेक्शन विच्छेद के साथ ही चल संपत्ति कुर्क की कार्यवाही मौके पर ही करने के निर्देश दिये गये है। निगम संबंधी समस्त करदाताओ से अपील है कि वे अपने बकाया करो को 31 मार्च के पूर्व जमा करावें ओर शहर विकास मे सहभागी बनें।

# ग्राम निपानिया बैजनाथ में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित





**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नालसा, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अंतराष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम 04 मार्च से 11 मार्च तक संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाजापुर के मार्गदर्शन में ग्राम निपानिया बैजनाथ के आंगनवाडी भवन में 10 मार्च को तहसील विधिक सेवा समिति आगर द्वारा महिलाओ के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अध्यक्ष एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश, श्री कमलेश इटावदिया ने कहा कि पौराणीक काल, रामायण एवं महाभारत काल अनुसार जिसने भी महिलाओं पर अत्याचार एवं उनका अपमान किये है, उसका एवं उसके कुल का सर्वनाश हुआ है। उन्होंने कहा कि लडकियाँ पढ़ेगी तो वह अपने दो परिवारो को शिक्षित करेगी, उन्होंने कहा कि लड़की 18 वर्ष से कम उम्र में शादी नही करना एवं उनको पढ़ाना ये उनके माता पिता की जिम्मेदारी है। सरकार द्वारा महिला एवं पुरूषों को काम का समान वेतन दिया जाता है । पुरूष एवं महिला को समान कानूनी अधिकार प्राप्त है। सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं के संबंध में कई योजनाओं की जानकारी दी। व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड आगर सुश्री श्वेता चौहान द्वारा उपस्थित आशा कार्यकर्ता, महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनायें घरेलु हिंसा, भरण पोषण एवं महिलओं को प्राप्त अधिकारो के बारे मे जानकारी दी। व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड आगर सुश्री प्रीति अग्रवाल द्वारा कहा कि महिलाओं को प्राप्त अधिकारों के बारे में जानकारी दी तथा महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों एवं घटनाओं के संबंध में कानून व सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित गांव की बेटी योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, बहना योजना आदि की जानकारी दी। व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड आगर भूपेन्द्रसिंह कुशवाह द्वारा महिला के अधिकारो एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड अमित नगायच ने कहा कि महिलाओं के जन्म से लोकर मृत्यु तक बहुत सारे अधिकार प्रदान किए गए है, उन्होंने महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया। विधिक साक्षरता शिविर में अधिवक्ता सुश्री अन्जु चौबे, कोशर खॉन तथा सुश्री मीना गोयन, सुपरवाईजर महिला बाल विकास आगर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलायें उपस्थित रही। शिविर का संचालन सुश्री अन्जु चौबे द्वारा किया एवं आभार सुपरवाईजर महिला बाल विकास सुश्री मीना गोयल द्वारा माना गया।

# स्व. सिंधिया की जन्म जयंती मनाई



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया की 78 वीं जन्म जयंती स्थानीय माधव मंगल गार्डन इटावा में उनकी प्रतिमा स्थल पर देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य एवं हरीश देवलिया की अगुवाई में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, ओम जोशी, भरत चौधरी, बद्रीलाल जायसवाल, गणेश पटेल, राजेन्द्र ठाकुर, विकास जाट, जुगनु गोस्वामी, मेहरबान सिंह धाकड, दुर्गालाल प्रजापति, मिलिंद सोलंकी, परवेश शेख, देवेन्द्र चौहान, महेन्द्र व्यास, त्रिपालसिंह पवार, राजू पहाडिया, राकेश ठक्कर, देवेन्द्र नवगोत्री, राजेश बारोड, जगदीश मंगरोला, राहुल प्रजापति, लीलाधर प्रजापति, भंवरसिंह गौड, लालजी प्रजापति, राम यादव, अशोक पडियार, रतन बागवान, प्रकाश देवलिया, प्रशांत देवलिया, चम्पालाल जेठीवाल, विक्रम देवड़ा, पिंटू ठाकुर आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर पौधा रोपण किया गया । संचालन किसान मोर्चा महामंत्री पंकज देवलिया ने किया तथा आभार जयप्रकाश चौधरी ने माना।

# आयुक्त ने सहायक राजस्व निरीक्षक को किया निलंबित

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संपत्तिकर के बडे बकायादारो से वसुली के संबंध मे आयुक्त विशालसिह चौहान द्वारा गत 31.1 2023 को समीक्षा बैठक आहूत की गई थी जिसमे सहायक राजस्व निरीक्षक शैलेन्द्रसिह झाला के द्वारा उनके वार्ड क्षेत्र मे बकाया करदाताओ के खातो का सुधार किये जाने के पश्चात उक्त खातादारो से संपत्तिकर की वसुली की जाना थी किन्तु श्री झाला द्वारा संपत्तिकर के खातो मे कोई सुधार संबंधी कार्यवाही नही गई। श्री झाला के द्वारा दी गई जानकारी मे उनके संबंधित सभी संपत्तिकर के खातो मे किसी न किसी प्रकार की त्रुटी पाई गई तथा खाते उलझे हुए पाये गये। आयुक्त द्वारा श्री झाला को सूचना पत्र के माध्यम से इस संबंध मे अवगत कराने हेतु 7 दिवस का समय दिया गया था। चुंकी वित्तीय वर्ष समाप्ती की ओर है वहीं लक्ष्यानुरूप वसुली भी की जाना है। श्री झाला के द्वारा सूचना पत्र का समय सीमा मे कोई जवाब नही दिया गया। इस कारण आयुक्त विशालसिह चौहान के द्वारा आदेश क्रमांक 1677/ काआ/ स्टेनो/ 2023 दिनांक 9.3.2023 अनुसार सहायक राजस्व निरीक्षक शैलेन्द्रसिह झाला को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। श्री झाला के निलंबन होने पर इनका कार्य प्र.राजस्व निरीक्षक श्री राजेश जोशी को सौंपा गया है। निलंबन की अवधी मे इनको नियमानुसार जीवन निर्वाहन भत्ता पाने की पात्रता होगी।

# जिला स्तर पर नेशन बिल्डर अवार्ड में बदनावर तहसील के 06 शिक्षक सम्मानित हुए




**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला रोटरी क्लब धार द्वारा जिला स्तर पर नेशनल बिलडर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसअवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा हमारे देश की पुरातन परंपरा है और शिक्षा देने वाले शिक्षक वे भगवान हैं जो कि हर युग में पूजे जाते हैं। उपरोक्त विचार रोटरी क्लब ऑफ धार सेंट्रल के नेशन बिल्डर अवार्ड धार में बतौर मुख्य अतिथि रोटेरियन गवर्नर डिस्ट्रिक्ट 3040 जीनेंद्र जैन ने उपस्थित शिक्षकों के समक्ष कहे इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर सुशील मल्होत्रा (गवर्नर 25-26), रोटरी गैलेक्सी पूर्व प्रेसीडेंट शैलेन्द्र तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व गवर्नर गजेन्द्र नारंग, प्रेसीडेंट रोटरी क्लब धार अनील तिवारी, प्रेसीडेंट रोटेरियन डॉ प्रदीप पाल, सेकेट्री डॉ स्नेहा गांधी, असिस्टेंट गवर्नर अलका वर्मा, फाउंडर प्रेसीडेंट अरूण वर्मा मंचासीन थे । स्वागत गीत रोटेरियन प्रिया व प्रमीला ने गाया । रोटरी फेथ वाचन सचिन बाफना ने किया । स्वागत भाषण में अरूण वर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो कि शिक्षा, स्वास्थ और पर्यावरण के क्षेत्र में पूरे विश्व में मानवता के नए आयाम स्थापित कर रहा है । शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान, मोटीवेशन केंप और स्कूलों में आवश्यक संसाधन जैसे फर्नीचर,एल सी डी आदि उपलब्ध करवाए जाते हैं । जिला स्तरीय इस आयोजन में जिले के 64 शिक्षकों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सुभाष यादव सहित बदनावर तहसील से नवाचारी शिक्षक गोपाल कौशल,श्रद्धानन्द उपाध्याय,इसरार कुरेशी, ब्रजेश सिंह राठौर,मांगीलाल भावसार, लक्ष्मी नारायण चौधरी सम्मलित थे। कार्यक्रम संचालन डॉ एस तिलवनकर और आभार डॉ स्नेहा गांधी ने जताया । अतिथियों का स्वागत रोटेरियन पिनाकिन बारोट, डॉ शशांक, डॉ ऋषि आदि ने किया ।

# SMC बिलो के भुगतान संबंधित एवं अप्रूवल, मेकर,चेकर तथा वेंडर बनाने संबंधित बैठक का आयोजन



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन एवं डी.पी.सी. महोदय शाजापुर की अध्यक्षता में जनशिक्षा केंद्र - मदाना, गुलाना, पोलाय खुर्द, मंगलाज के शाला प्रधानों की स्म्ष्ट बिलो के भुगतान संबंधित एवं अप्रूवल, मेकर,चेकर तथा वेंडर बनाने संबंधित बैठक का आयोजन शा.उ.मा.वि. सलसलाई किया गया । जिसमें क्क्ष्ष्ट महोदय श्री लखन सिंह मंडलोई, जनशिक्षक श्री विक्रम सिंह परमार, दिलीप कुम्भकार, अनिल कुमार परमार, गजेंद्र सिंह यादव, राजेन्द्र गोयल, प्रेमनारायण चंद्रवंशी व संकुल सह-समन्वयक श्री अर्जुन सिंह पँवार उपस्थित एवम सभी संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

# श्री संघ के सदस्यों की एक औपचारिक बैठक आयोजित

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आचार्य भगवान श्री ऋषभ चंद्र सुरिश्वर जी महाराज साहब के शिष्य पूज्य मुनिराज श्री रजत चंद्र विजय जी महाराज साहब के सानिध्य में नगर के फोर लेन स्थित श्री शंखेश्वर पुरम तीर्थ पर ट्रस्ट मंडल एवं श्री संघ के सदस्यों की एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई जिसमें ट्रस्ट मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं भूमि दान दाता स्वर्गीय श्री बाबूलाल जी मोदी के निधन पर रिक्त हुई जगह पर उनके पुत्र श्री कमलेश मोदी को ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सुखराज जी कबदी की सहमति से एवं सर्वानुमति से ट्रस्टी बनाने का निर्णय हुआ साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु एक विशाल भोजनशाला एवं धर्मशाला के निर्माण का निर्णय भी लिया गया। पूज्य मुनि श्री रजत चंद्र विजय जी महाराज साहब ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि परम पूज्य आचार्य भगवन श्रीमद् विजय ऋषभ चंद्र सुरिश्वर जी महाराज साहब ने यहां के विकास का जो सपना देखा था उसे उसी अनुरूप हम सभी मिलकर पूर्ण करेंगे। पूज्य आचार्य भगवंत ने भोजनशाला के प्रस्ताव को पुर्व में ही स्वीकृति दे दी थी आप हम सभी मिलकर उनके इस कार्य को आगे बढ़ाने एवं तीर्थ विकास में तन मन धन से अपना योगदान देवें ।नवीन ट्रस्टी श्री कमलेश मोदी ने कहा कि ट्रस्टी के रूप में मुझे जो जवाबदारी गुरुदेव ने दी है उसे में पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा एवं इस तीर्थ के विकास के लिए संपूर्ण शक्ति से प्रयास करूंगा।इस अवसर पर श्री बाबूलाल जी मोदी परिवार द्वारा गुरु मंदिर में 1 वर्ष तक अखंड ज्योत का लाभ भी प्राप्त किया। सभा मैं हेमंत मोदी पारस भटेवरा राजेंद्र सराफ पुष्पेंद्र पगारिया जितेंद्र मोदी आदि ने तीर्थ विकास हेतु अपने सुझाव दिए ।इसके पूर्व दिवंगत ट्रस्टी श्री बाबूलाल जी मोदी को तीर्थ के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनकी स्मृति में नवकार मंत्र के जाप किए गए ।बैठक में ट्रस्टी श्री नरेंद्र मोदी शरद पगारिया अमित जैन विक्कि राजेश मोदी निलेश मोदी विमलेश पगारिया मनिष बोकड़िया सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे ।

# श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाया



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली के पावन अवसर पर यहां कन्या शाला चौराहा पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाया इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं द्वारा भजन महा आरती एवं छोटे बच्चों को राम सीता बनाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी एवं श्री लक्ष्मीनारायण महिला मंडल द्वारा उपस्थित महिलाओं को पूजन हेतु छोटे-पुजन के लोटे व फल का वितरण किया गया फाग उत्सव में मंडल की महिला सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# चैकिंग के दौरान सिविल लाईन पुलिस ने पकड़े वाहन चोर, तीन मोटर साइकिल जप्त

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना सिविल लाईन पुलिस ने चैकिंग के दौरान वाहन चोरों को पकडने में उपलब्धि हांसिल की है। शहर में नगर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह चौहान द्वारा शहर में चलाये जा रहे गुण्डा विरोधी, संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग के अभियान में सिविल लाइन थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार रात को पुलिस सहायता केन्द्र इटावा के सामने वाहन चेकिंग वीडीपी पोर्टल से करते हुए दो बाइक को रोककर रजिस्ट्रेशन, बीमा व लाइसेंस आदि दस्तावेज वाहन चालक से मांगे लेकिन दोनों ही वाहनों के दस्तावेज व लाइसेंस नहीं मिले। दोनों से वाहनों की जांच पोर्टल से की जिसमें दोनों वाहन अन्य लोगों के नाम से पाए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन बाइक जब्त की है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि गुरुवार रात को उज्जैन रोड़ स्थित इटावा में वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक जिनकी नंबर प्लेट नहीं थी उन्हें रोककर वाहन चालक कपिल उर्फ अमृत पिता भागीरथ चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम झरनावदा थाना तराना जिला उज्जैन वर्तमान पता सुरेन्द्र का मकान, सर्वोदय नगर देवास व दूसरा बबलु उर्फ बाबुदास पिता संतोष दास बैरागी उम्र 25 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के पास, सर्वोदय नगर देवास की बाइक को वीडीपी पोर्टल से जांच की।

जिसमें अमृत के पास मिली बाइक महेश पिता पर्वत सिंह मालवीय निवासी म.नं. 83, राधागंज रोड़, चामुण्डापुरी देवास व बबलु के पास मिली बाइक बृजलाल पिता हरिलाल सोलंकी निवासी 15, शितला माता मंदिर के पास, निपानिया अजीजखेड़ी देवास की होना पाया गया। दोनों वाहन चोरी की शंका होने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 41 (1) 4,102 व 379 की कार्यवाही कर मोटर सायकिल को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुछताछ में आरोपियों ने बताया की बह विगत 2-3 वर्षो से वाहन चोरी कर रहे थे। आरोपियों के पास से तीन बाइक जब्त की जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रूपये हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# नागदा को जिला बनाने के लिए प्रेस क्लब ने नागरिकों की परिचर्चा रखने का लिया निर्णय

**छात्र–छात्राओं की वाद–विवाद प्रतियोगिता पर भी प्रस्ताव. ››रेलवे में पत्रकारों की यात्रा पर बंद रियायत की उठी मांग.**



**नागदा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन जिले में स्थित औद्योगिक नगर नागदा को जिला बनाने की लगातार उठ रही मांग में प्रेस क्लब नागदा ने भी भूमिका निभाने की घोषणा की है। नागरिकों में जन चेतना जागृत करने के लिए क्लब के बैनर तले एक परिचर्चा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों ,व्यापरियों समेत समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को आंमत्रित कर उनके विचारों को साझा किया जाएगा। इसी प्रकार से रेल मंत्रालय द्धारा अधिमान्य पत्रकारों को यात्रा में मिलने वाली 50 प्रतिशत की रियायत को बंद करने की सुविधा को पुनः शुरू करने की मांग का भी प्रस्ताव पारित किया गया। यह जिम्मेदारी प्रेस क्लब सचिव राजेश सकलेचा को सौपी गई है जिनको हाल में रेलवे विभाग में विशेष रूचि सदस्य मनोनीत किया गया है।

उक्त दोनो प्रस्ताव प्रेस क्लब की शुक्रवार को आयोजित बैठक में पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान ने की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सनोलिया ने इन दोनों प्रस्तावों पर प्रेस क्लब को कार्य करने का सुझाव रखा। उन्होंने क्लब सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा,

नागदा को जिला बनाने के लिए मामला लगभग 15 वर्षो से अटका पडा है। इस मसले पर दोनो प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा एवं कांग्रेस एक मत है, उसके बावजूद जनता की यह मूराद अधूरी है। इस मसले पर प्रेस क्लब की भी जिम्मेदारी हैकि अपनी भूमिका निभाए। इस मसले पर शहर के नागरिकों की एक परिचर्चा करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष दीपक चौहान ने इस कार्ययोजना को मूर्तरूप देने की घोषणा की। इस परिचर्चा की रूपरेखा तय करने के लिए निलेश रघुवंशी को अधिकृत किया गया। अब वे एक कमेटी का गठन कर परिचर्चा को अंजाम देंगे।

## वाद- विवाद प्रतियोगिता

इस मौक पर वरिष्ठ पत्रकार बृजेश बोहरा ने नवीन नागदा जिला सर्जन के लिए छात्र-छात्राओं में सचेतना जागृत करने के मकसद से एक वाद-विवाद प्रतियोगिता रखने का सुझाव रखा जिसे सर्वानुमति से स्वीकृत किया गया। समय की अनुकुलता के अनुसार इस प्रस्ताव को गुण दोष के आधार पर क्रियान्वित करने के लिए प्रयास किया जाएगा।

## पत्रकारों का मामला उठाने की घोषणा

रेलवे विभाग के विशेष रूचि सदस्य एव प्रेस क्लब सचिव राजेश सकलेचा ने बैठक में इस बात की घोषणा की वे डीआरएम के समक्ष होने वाली बैठक में यह मसला उठाएंगे कि रेलवे में अधिमान्य पत्रकारों को यात्रा के दौरान मिलने वाली 50 प्रतिशत की रियायत को पुनः शुरू किया जाए। अधिमान्य पत्रकारों के साथ मीडिया संस्थानों के अधिकृत सामान्य पत्रकारों को भी इस सुविधा का लाभ मिलने की मांग उठाई जाएगी। रेलवे सदस्य श्री सकलेचा की इस घोषणा के पहले पत्रकार कैलाश सनोलिया ने बताया कि किसी समय में तत्कालीन रेलमंत्री ममता बैनर्जी के कार्यकाल में अधिमान्य पत्रकारों के लिए देशभर में यात्रा करने पर 50 प्रतिशत टिकट रियायत की सुविधा मिली थी। बरसो तक यह जारी रही, लेकिन कोरोना काल में इस सुविधा को बंद कर दिया गया। यह सुविधा बंद करने से देशभर के पत्रकार प्रभावित हुए है। अखिल भारतीय स्तर की इस मांग को यदि प्रेस क्लब उठाएगा तो देश भर के हजारों पत्रकारों को लाभ मिलेगा। रेलवे सदस्य सकलेचा ने इस सुविधा को चालु करने के लिए डीआरएम बैठक में रखने का भरोसा दिलाया। बैठक में संरक्षक भेरूलाल टांक, वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत मेहता, पूर्व अध्यक्ष सलीम खान एवं मुकेश जैन ने भी विचार रखे।

## उपलब्धि पर सम्मान

बैठक में रेलवे में विशेष सदस्य मनोनीत होने पर राजेश सकलेचा का क्लब सदस्यों ने सम्मान किया। इसी प्रकार से भारतीय पत्रकार संघ का जिला अध्यक्ष बनने पर निलेश रघुवंशी का भी अभिनंदन किया गया। दोनो पत्रकारों का स्वागत सुरेश रघुवंशी, रविंद्रसिंह रघुवंशी, कृष्णकांत गुप्ता, सुरेश जायसवाल, मुकेश जैन, अशोक दायमा, महेश कछावा, विभोर चौपड़ा, फिरोज शेख आदि ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पुरोहित के भ्राता के निधन पर दो मौन मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धाजलि दी गई।

# सांसद फिरोजिया एवं डीआरएम का माना सकलेचा ने आभार

# भावनगर-आसनसोल ट्रेन को मिला पुनः नागदा में स्टापेज

## सिनीयर सिटीजन व अधिमान्य पत्रकारो को पुनः मिले सुविधा



**नागदा(यश सकलेचा )/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लंबे समय से उठ रही मांग के बाद सांसद अनिल फिरोजिया के प्रयासो के चलते शुक्रवार से पुनः भावनगर-आसनसोल ट्रेन का स्टॉपेज नागदा जंक्शन पर होने जा रहा है। उक्त ट्रेन का स्टॉपेज नागदा स्टेशन पर बंद कर दिये जाने से जैन धर्मावलंबियो को जैन तीर्थस्थलो की यात्रा के लिये रतलाम तक का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा था। जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ट्रेन के स्टॉपेज के लिये कई बार समाजसेवी राजेश सकलेचा भाईजी द्वारा सांसद फिरोजिया एवं डीआरएम रतलाम को पत्र देकर अवगत कराया गया। भाईजी द्वारा कई बार डीआरएम से मिलने रतलाम तक गये एवं उनसे भेंट कर ट्रेन के स्टॉपेज का अनुरोध किया गया।

विगत दिनों सांसद फिरोजिया द्वारा समाजसेवी भाईजी को रेल्वे में विशेष रूचि सदस्य के पद पर मनोनीत किया गया था जिसके पश्चात् भाईजी द्वारा सांसद फिरोजिया को उक्त मांग से अवगत कराने के पश्चात् सांसद फिरोजिया द्वारा किये गये प्रयासो के चलते रेलवे द्वारा उक्त ट्रेन के स्टॉपेज को नागदा स्टेशन पर पुनः किया गया है।

दरअसल भावनगर आसनसोल पार्श्वनाथ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग वर्ष 2010 से राजेश सकलेचा भाईजी द्वारा उठाई गई थी। इस मांग से पूर्व केन्द्रीय मंत्री व वर्तमान राज्यपाल थावरचंद गेहलोत को भी अवगत कराया गया था। इसके बाद वर्ष 2014 में इस ट्रेन का स्टॉपेज नागदा में शुरू किया गया था। फिर कोरोना काल के चलते ट्रेनो के संचालन बंद होने के पश्चात् तथा परिस्थितिया सामान्य होने के बाद उक्त ट्रेन का स्टॉपेज नागदा में बंद कर दिया गया।

इसलिये जरूरी है यह ट्रेन-पार्श्वनाथ एक्सप्रेस भावननगर आसनसोल ट्रेन कई राज्यो से होकर गुजरती है एवं पार्श्वनाथ तीर्थ स्थल तक जाती है। चूंकि पार्श्वनाथ से जैन समाज के प्रमुख तीर्थस्थलो में एक सम्मेद शिखर जी नजदीक है। ऐसे में नागदा सहित खाचरौद, महिदपुर, आलोट के जैन समाजजनो को इस ट्रेन से सफर करने के लिये रतलाम जाना पड़ता है। उक्त ट्रेन का स्टॉपेज नागदा में शुरू होने से जाने से क्षेत्र के जैन समाजजनो बड़ी राहत प्राप्त होगी।

शुक्रवार को आसनसोल से चलकर भावनगर जाने वाली ट्रेन नं. 12942 का स्टॉपेज नागदा में होगा इस मौके पर समाजसेवी राजेश सकलेचा भाईजी एवं क्षेत्र की जनता ने सांसद फिरोजिया एवं डीआरएम का आभार व्यक्त किया हैं।

समाजसेवी भाईजी द्वारा रेल्वे द्वारा पूर्व में सिनियर सिटीजन एवं अधिमान्य पत्रकारो को दी जा रही सुविधाओं को जो कि रेल्वे द्वारा बंद कर दी गई है, पुनः प्रारम्भ करने की मांग की गई है।

# सलसलाई पुलिस स्टाफ व पत्रकारों ने खूब खेली होली

### डीजे और ढोल पर खूब थिरके नगर कि पुलिस एवं पत्रकार



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पाँच दिवसीय रंगों का महापर्व होली का उत्साह अभी भी लोगों के सिर परवान चढकर बोल रहा है होली पर्व के दूसरे दिन शुक्रवार को सभी पर्वो पर अपनी डुयूटी देने वाले पुलिस कर्मियों ने भी जमकर होली खेली पुलिस थाना परिसर से डी.जे के साथ रंग गुलाल उडाते हुए पुलिस स्टाफ ने सभी को रंग गुलाल लगाया जिस मार्ग से भी पुलिस कर्मी निकले रंगों से सडके भी रंगों से रंगीन हो गई।

## महिला दिवस

चलो अब होली के नाम पर
महिला को जिंदा जलाते हैं,
फिर शान से
महिला शशक्तिकरण मनाते हैं,
बहन बेटियों को गन्दी गालियां सुनाते हैं,
त्योहार की आड़ में अपना ऐब छुपाते हैं,
अग्निपरीक्षा सिर्फ सीता से दिलवाते हैं,
और शान से मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाते हैं,
कभी आग में,
तो कभी पानी में जलाते हैं,
नारी को जिंदा दीवारों में चुनवाते हैं,
बहुत शान से हम मर्द कहलवाते हैं,
किसी कमजोर को जलाने से अच्छा है,
इन प्रथाओं को जलाइये,
इस गन्दे विचार को जलाइये,
दिमाग की बत्ती जलाओ,
फिर महिला शशक्तिकरण मनाओ।
अनिल बंजारे ÷स्वच्छंद÷
पामगढ़ छ. ग.

होली के रंगो में रंगी मेरी राधा रनियाँ
होली के रंगो में रंगी मेरी राधा रनियाँ
ना तुझे हैं ख़बर , ना ही मुझे हैं सबर
रंग लगाने दे , लगाने दे
होली के रंगो में रंगी मेरी राधा रनियाँ-2
पहली बार हम निकले हैं घर से को वृंदावन धाम हो ,
यमुना की बहती धारा को मेरा कोटि प्रणाम हो ,
होली खेले ब्रज के वासी -2 , कान्हा को रंग लगाए हो ,
किसी भी बहाने होली खेलूँ मैं साँवरिया ,
चाहे लगे कोई ख़बर , टूट पड़े कोई क़हर ,
होली खेलन दे , खेलन दे
होली के रंगो में रंगी मेरी राधा रनियाँ-2
कितनी दूर अभी कितनी दूर हैं मौसम की पुरवैया हो ,
सम्मुख हैं नववर्ष की बेला हाथ में रोली पुष्प हो ,
साँझ सँवारे नज़र उतारे-2 आरती कर मदमस्त हो ,
वर्ष को विदा करे फाल्गुन का भवरियाँ ,
ना ये होगा ठहर , बीत जाएगा पहर ,
इसे जाने दे , जाने दे ,
होली के रंगो में रंगी मेरी राधा रनियाँ-2
ऐ राधा तेरा दर्शन पावे को डाले सब जन भंग हो ,
हो जाए जब दरश भी तेरा खिल जाए मोरा अंग हो ,
दुनियाँ हैं पड़ी पीछे हमारी-2 , लोगन से मुँह छुपाए हो ,
कान्हा की हैं राधा ये तो जाने सब दुनियाँ ,
मोहे फ़रक ना कोई , मोहे सबर ना कोई ,
ब्रज में आने दे , आने दे ,
होली के रंगो में रंगी मेरी राधा रनियाँ-2

-कुलश्रेष्ठ शर्मा अद्भुत

## लड़ाका

अपने हक अधिकार के लिए लड़ना
कोई बुरी बात नहीं,
औरतों को सहनशीलता में हरा दे
किसी की औकात नहीं,
नारी नहीं बेचारी,
वो तो होती है चिंगारी,
वक़्त आने पर कर सकती है धमाका,
वो भी होती है रणनीतिक रूप से
सर्वश्रेष्ठ लड़ाका,
उन्हें कमजोर समझने की भूल,
बन सकती है शूल,
वो शांत रहे तो देवी है,
उनके सम्मान को छेड़ दिया जाए तो
बन जाती फूलन देवी है,
वो प्यार बरसाती किलोल किलकारी है,
अपने पर आ जाए तो
वीरांगना झलकारी है,
अब वो जाग रही है,
पाखंडों को त्याग रही है,
वो अब अपना अधिकार लेना जानती है,
दुनिया अब उनका लोहा मानती है।



- राजेन्द्र लाहिरी छ. ग

## तू कापुरुषों का पूत नहीं

चलने से पहले तय कर ले, दुर्गम पथ है अँधियारों का।
हे वीर व्रती ! तब बढ़ा चरण, होगा रण भीषण वारों का।।
यह भी तय है तू जीतेगा, शासन होगा उजियारों का।
तू कापुरुषों का पूत नहीं, वंशज है अग्निकुमारों का।।
नदियाँ लावे की बहती थीं, जिनकी शुचि रक्त शिराओं में।
जो हर युग में गणनीय रहे, धू - धू करती ज्वालाओं में।।
तू उन अमरों का अमर पूत, आर्यों की अमर निशानी है।
तेरी नस - नस में तप्त रक्त, पानीदारों का पानी है।।
हे सूर्य अंश अब दिखा कला, कर सिद्ध शौर्य टंकारों का।
दुनिया बोलेगी जयकारे, दिल दहल उठे बटमारों का।।
तू कापुरुषों का पूत नहीं, वंशज है अग्निकुमारों का।।
तेरी जननी की हरी कोख, करुणा की तरल पिटारी से।
अवतरण हुआ है हे कृशानु! तेरा बुझती चिनगारी से।।
हे हुताशनी पावक सपूत! बलधर अकूत दमदारी से।
कर दानवता को भस्मभूत, अनलत्व भरी किलकारी से।।
खूँखारों की ललकारों का, सुन अट्टहास गद्दारों का।
अब सहनशक्ति से बाहर है, कर ध्वंस वंश अँधियारों का।।
तू कापुरुषों का पूत नहीं, वंशज है अग्निकुमारों का।।
जो सीधे पथ के राही हैं, जिनके जीवन में मोड़ नहीं।
जिनको मरने तक जीना है, उन सबसे तेरी होड़ नहीं।।
मरकर भी नहीं मरे अब तक, जिनके साहस का जोड़ नहीं।
उनसे ही तेरी तुलना है, जिनका दुनिया में तोड़ नहीं।।
हो चुका निवेदन ज्वारों का, अब समय गया मनुहारों का।
हे अग्निपथिक संकोच त्याग, दायित्व निभा अधिकारों का।।
तू कापुरुषों का पूत नहीं, वंशज है अग्निकुमारों का।।
तोपों तीरों तलवारों का, नित नए - नए हथियारों का।
साहस की अग्नि परीक्षा का, आ गया समय जयकारों का।।
वैश्वानर के परिवारों की, प्राणाहुतिओं हुंकारों का।
तू कापुरुषों का पूत नहीं, वंशज है अग्निकुमारों का।।

गिरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण

## रंगपंचमी

प्रेमरंग की बौछार रंगपंचमी
सद्भाव की बहार रंगपंचमी ।

आनंद मय हो जीवन हमारा
ऐसी शुभकामना है रंगपंचमी ।।

गेर संग निकले फाग यात्रा
कान्हा संग निकले है राधा ।

हर गांव-शहर बना इंद्रधनुषी
प्रेमरंग से दूर करें हर बाधा ।।

बच्चों की टोली लगे निराली
द्वेषभाव से दूर है किलकारी ।

बुरा न माने कोई भी इनका
उडाएं गुलाल,मारे पिचकारी ।।

हर्षोल्लास का रंग,रंगपंचमी
टेसू-पलाश का रंग,रंगपंचमी ।

रहें सदा हरियाली धरती पर
ऐसी शुभकामना है रंगपंचमी ।।

- गोपाल कौशल भोजवाल



## बालगीत- //मेरा घोड़ा//

मेरा घोड़ा नंबर वन।
है भले ही लकड़ी की,
पर बढ़िया कद-काठी।
यह घोड़ा होकर भी,
मेरा बहुत अच्छा साथी।
इस पर मैं बैठा बन ठन।
मेरा घोड़ा नंबर वन।।

लाल लगाम है इसका,
सफेद रंग चमकदार।
हृष्ट-पुष्ट तंदुरुस्त,
लगता बड़ा होशियार।
चलता उठा कर गरदन।
मेरा घोड़ा नंबर वन।।

मैं बोलूँ चल रे घोड़ा,
फिर सरपट दौड़ लगाता।
पूरे बरामदे में ही मुझे,
दुनिया की सैर कराता।
गाँव शहर कभी वन।
मेरा घोड़ा नंबर वन।।

टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला



## स्तुति वंदन तेरा मैं गाऊँ

स्तुति वंदन तेरा मैं गाऊँ
भक्ति साधना तेरा कर पाऊँ
दे दो आशीष हे माँ भगवती
जीवन धन्य मेरा कर पाऊँ
स्तुति वंदन तेरा मैं गाऊँ,,,

मैं अज्ञानी मैं खलकामी
मैं अभिमानी मैं हूँ अधर्मी
ज्ञानी की ज्योति तू ही जलादे
दया धर्म की सद राह दिखादे
तेरे पद चिन्हों मैं चाल पाऊँ
स्तुति वंदन तेरा मैं गाऊँ,,,

मोह माया में मैं अटका हूँ
भव सागर में मैं भटका हूँ
वेद पुराण का तू पाठ पढ़ादे
रिचाओं का भी ज्ञान करादे
सदमारग पर मैं भी चल पाऊँ
अंतर्मन की मैं ज्योति जलाऊँ
स्तुति वंदन तेरा मैं गाऊँ,,,


मैं हूँ अकिंचन मैं हूँ अज्ञानी
तू ज्ञानी है और वीणापाणि
तुझको ध्याए ऋषिगण ज्ञानी
तेरी महिमा किसी ने न जानी
तनमन से मैं तुझको ध्याऊँ
तुझसे ही पावन मैं वर पाऊँ
स्तुति वंदन तेरा मैं गाऊँ,



अशोक पटेल आशु

## होली राजनीति वाली

सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
गिरगिट देख के गिरगिट देखो बदल रहे हैं रङ्ग।
नेता बन बौराय रहे सब पीकर होली में भङ्ग।।
जोगीरा सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
शिक्षा और शराब का ऐसा हुआ मिलाप।
ईमानदार अब राज घाट पर करने लगा विलाप।।
जोगीरा सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
बन्दीगृह में बन्द हो रहे घोटाले का दारोगा।
फिर भी पूछ रहा है पगले भारत कब बदलेगा।।
जोगीरा सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
विश्व में डंके बज रहे, पाक कहे जय हिंद।
सत्ता लोभी का व्यवहार है जयचंद के मानिंद।।
जोगीरा सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
बेरोजगार सब घूम रहे हैं लेकर डिगरी हाथ।
कुछ ही पल में हो गए हैं जैसे सब बर्बाद।।
जोगीरा सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
जोड़ रहे हैं भारत ये, वे जोड़ रहे संसार।
सपने में मुङ्गेरीलाल है बना रहे सरकार।।
जोगीरा सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
विपक्षी नेता से करते हो तुम रह-रह कर खेल।
सत्ता के घोटालेबाज को कब भेजोगे जेल।।
जोगीरा सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
तुम लगते हो मियाँ जैसे, वो बीवी के जात।
मन की बात में कब करोगे जनता-मन की बात।।
जोगीरा सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।
सारा रा रा रा, जोगीरा सारा रा रा रा।।



- राजीव रंजन झा निर्लज्ज

## सत्ता गाथा

सत्ता करती हैं नहीं, ग़रीबों का ख़याल
रोटी से सदैव रहे, प्रीतिदिन वो बेहाल
सत्ता पर जो झूलता, पाता है सम्मान
खाकर के वो योजना, बनता है धनवान

चारा सारा चर गया, जीवन में आराम
सत्ता से पैसे मिले, मिला नया आयाम
सत्ता उसको पालती, बनी हुई है जान
इसलिए मिलता है उसे, जनता से सम्मान

सता नेता की बनी, देखो पालन हार
जब तक देख पास रही, दौलत पाय अपार
सत्ता हाथों से गई, बहुत बुरा है हाल
पूछे अब कोई नहीं, हुआ देख कंगाल

सत्ता जब से ही मिली, रमेश हुआ निहाल
कंगाली से अब हुआ, देखिये वो बहाल
सत्ता जब से मिल गई, देख कमाया खूब
घर ऑगन में बिछ गई, हरी-हरी अब दूब

सत्ता पाकर जग गई, उसको अब यह आस
कमी का न होगा कभी, देखो अब एहसास
सत्ता से जिसको मिला, देखो ये वरदान
मिलता अपने आप ही, घर बैठे अनुदान

सत्ता उनको क्या मिली, करते है वे नाज़
अब निकले देख उनकी, ऊँची ही आवाज़
सत्ता पाकर के सदा, गाते उसके गीत
पॉच बरस वो मानता, उसको अच्छा मीत

सत्ता देती है उसे, ताजी-ताजी धूप
बदले अपना देख वो, पॉच-साल तक रूप

-रमेश मनोहरा



# सतीश कौशिक के जन्मपत्रिका के 5 विशेष योग-जानते है डॉ. सुमित्रा जी से

एक हिंदू ब्राह्मण परिवार में जन्मे सतीश कौशिक अभिनेता, निर्देशक और निर्माता है। इनका जन्म 13 अप्रैल 1956 को हुआ था। इनका निधन 8 मार्च, 2023 को 66 वर्ष की आयु में हुआ। पूरा भारतीय मनोरंजन उद्योग ऐसे बहुमुखी अभिनेता के नुकसान का शोक मना रहा है। सतीश कौशिक ज्यादातर अपने बहुमुखी अभिनय कौशल के लिए जाने जाते थे। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को हर कोई याद कर सकता है।जन्म के समय ही ये बताया जा सकता है की व्यक्ति महान होगा या नहीं। सतीश कौशिक के जन्मपत्रिका के विशेष योग है जो उन्हें महान बनाते है।

**1। गजकेसरी योग**

जब चन्द्रमा से केन्द्रस्थान ( 1 /4 /7 /10 ) में गुरु हो तो गजकेसरी योग होता है।योगजनक ग्रहः चन्द्रमा व गुरु।

गजकेसरी योग क्या फल देता है- गजकेसरी योग में उत्पन्न जातक तेजस्वी, धन धान्य से युक्त, मेधावी, गुणी, राजप्रिय होता है। जातक केसरी अर्थात शेर की तरह अपने शत्रुवर्गो को नष्ट कर देता है। ऐसा व्यक्ति का वाणी पर आधिपत्य होता है और ये सभाओं में किसी विषय पर गम्भीरता पूर्वक और अधिकार से बोलते है, भाषण देते है। ये व्यक्ति राजस वृत्ति का होता है। बहुत तीव्र बुद्धि हो, महान् यश प्राप्त करे और अपने स्वाभाविक तेज से ही औरों को जीत लें। सतीश कौसल में ये गन उनके गजकेसरी योग से आये थे।

2। दुरुधरा योग - जब चन्द्रमा से द्वितीय तथा द्वादश में सूर्य के अतिरिक्त कोई न कोई ग्रह हो तो दुरुधरा नाम का योग होता है।योगजनक ग्रह = मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि।




दुरुधरोत्पन्न मनुष्य धनी, वाहनयुक्त, दानी, सुखी, नौकरों से युक्त तथा शत्रुहन्ता होता है। दुरुधरोत्पन्न मनुष्य वाणी बुद्धि पराक्रम व गुणों से संसार में ख्याति प्राप्त करने वाला, स्वतन्त्र सुख लक्ष्मी वाहन सवारी आदि के सुख को भोगने वाला, दानी, अच्छे व्यवहार वाला व प्रधान होता है।

सतीश कौसल लोक प्रिय भी थे और आज फिल्म इंडस्ट्री का हर व्यक्ति उनकी बुद्धि और व्यव्हार की प्रशंसा कर रहा है।

3। कर्मजीव योग

लग्न, सूर्य या चन्द्र से दशम स्थान के स्वामी बुध हों तो यह योग होता है ।

यह योग बुध से सम्बन्धित व्यवसाय जैसे फिल्म निर्माता के लिए सहायक होता है ।

**4। सूर्य बुध योग**

सूर्य और बुध एक ही भाव में हो तो बुधादित्य योग कहलाता है ।

ये योग व्यक्ति को मधुर भाषी, चतुर, विद्वान, अध्ययनशील धनवान, अनुशासित, स्वयं के धनोपार्जन से सेवा करने वाला होता है । विद्वान एवं प्रतिष्ठित अपने सभी कार्यों से होता है ।

सतीश कौशल के जन्मपत्रिका का ये योग उनको अच्युत ख्याती का भागी बनाता है।

5। सफल अमल कीर्तियोग - लग्न से दशम स्थान में शुभ ग्रह स्थिति हो तो अमल योग बनता है।योगजनक ग्रह - चन्द्रमा और बुध शुक्र बृहस्पति।

फल - इसमें उत्पन्न जातक राजपूज्य, भोगेन्द्र, दानी, बन्धुजनप्रिय, परोपकारी तथा गुणवान् होता है।। जो अमला योग में पैदा होता है, वह आचारवान् धर्म में मति रखने वाला, प्रसन्न, सौभाग्यवान्, राजा द्वारा सम्मानित, मृदु स्वभाव का, मुस्कराकर बोलने वाला और धनी होता है। अमला योग में जन्म लेने वाला मनुष्य निर्मल कीर्ति वाला तथा स्थायी धनवान् होता है।

सतीश कौसल के मृदु स्वाभाव के पीछे अमला योग का हाथ है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति और सद्गति देवे।

**सेलिब्रिटी वास्तु शास्त्री**
**डॉ. सुमित्रा अग्रवाल**
**सिटी प्रेसीडेंट इंटरनेशनल वास्तु अकादमी , कोलकाता**
**यूट्यूब वास्तु सुमित्रा**

# लेख- युवा शक्ति का दोहन-कौशल और शिक्षा



**युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी, कौशल विकास के साथ है, जब एक युवा के पास आवश्यक कौशल होता है तो वह उसका उपयोग अपनी आजीविका व दूसरों की सहायता करने के लिए कर सकता है। वह आर्थिक रूप से राष्ट्र का भी समर्थन करता है। कौशल विकास न केवल आजीविका का साधन है बल्कि सामान्य दिनचर्या में स्वयं के जीवंत और ऊर्जावान महसूस करने का एक विशेष माध्यम भी है। अतः युवा शक्ति को शिक्षा, कौशल विकास और प्रशिक्षण द्वारा बेहतर मानव संसाधन के रूप में विकसित करने से न केवल गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक बुराईयां इत्यादि का समाधान मिल सकता है अपितु वे राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है।**
**-डॉ सत्यवान सौरभ**

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये देश की व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। कोरोना ने देशवासियों को ऐसे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां पर अनेक लोगों को कौशल की आवश्यकता है । इस समय हर वर्ग के व्यक्ति को एक सभ्य आजीविका की जरूरत है। कौशल एवं व्यवसायिक शिक्षा की जरूरत केवल वंचित समुदायों के लोगों को ही नहीं बल्कि उन लोगों को भी जरूरत है जो औपचारिक शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पायें। भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला युवा देश है और यह युवा शक्ति न्यू इंडिया का आधारस्तंभ है। लिहाजा केंद्र सरकार की नीतियों में बजट में, योजनाओं में। युवाओं को लेकर भविष्य के विकास का विजन दिखाई देता है। जैसा कि अमृत काल के बजट में युवाओं और उनके भविष्य को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप से कैसे युवाओं की तकदीर बदल रही है। सुधारों के साथ शिक्षा क्षेत्र की कैसे तस्वीर बदल रही है। युवाओं के दम पर दुनिया के सामने कैसे मजबूती से खड़ा हो रहा है भारत।

युवा किसी भी देश का भविष्य है, आज, भारत विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यहाँ प्रत्येक तीसरा व्यक्ति युवा है ऐसे में हमें, इस युवा ऊर्जा का प्रयोग सही दिशा में करने के लिए साधन सोचने होगें। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने वाली नीतियां और कार्यक्रम मौजूदा वक्त की सबसे बडी आवश्यकता है। युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी, कौशल विकास के साथ है, जब एक युवा के पास आवश्यक कौशल होता है तो वह उसका उपयोग अपनी आजीविका व दूसरों की सहायता करने के लिए कर सकता है। वह आर्थिक रूप से राष्ट का भी समर्थन करता है। युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास और उद्यमशीलता से जोड़ना जरूरी है। साथ ही उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी अति आवश्यक है। कोरोना माहमारी के समय अनेक लोगों को अपने रोजगार, व्यवसाय और नौकरी से हाथ धोना पड़ा इसलिये जरूरी है कि हमारे देश के सभी बच्चों को कौशल विकास की शिक्षा प्रदान की जाये ताकि उनमें उद्यमशाीलता का गुण विकसित हो।

कौशल विकास न केवल आजीविका का साधन है बल्कि सामान्य दिनचर्या में स्वयं के जीवंत और ऊर्जावान महसूस करने का एक विशेष माध्यम भी है। अतः युवा शक्ति को शिक्षा, कौशल विकास और प्रशिक्षण द्वारा बेहतर मानव संसाधन के रूप में विकसित करने से न केवल गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक बुराईयो इत्यादि का समाधान मिल सकता है अपितु वे राष्ट के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। आज यह आवश्यक हो गया है, कि युवाओं की ऊर्जा को उर्ध्वगायी बनाया जाये, शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाया जाये, युवाओं में कौशल और तकनीकी क्षमता विकसित की जाए, जिससे भारत उभरती अर्थव्यवस्था की मुख्य चुनौतियों से निपटने में सफल हो सके। वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से युवाओं को आज के अनुकूल कौशल का निर्माण करने वाला प्रशिक्षण देना होगा तभी कौशल विकास सफल हो सकता है। कौशल विकास एक बड़ी नैतिकता और जवाबदेही का कार्य है जिसके माध्यम से युवाओं को उद्यमशील बनाया जा सकता है। स्किल्ड युवा निश्चित रूप से कौशल युक्त भारत का निर्माण कर सकता है। कोरोना के समय में भारत में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। इस समस्या को काफी हद तक कौशल विकास को विकसित कर कम किया जा सकता है, भारत में कौशल विकास तथा बेरोजगारी की समस्या के मूल में स्कूली स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की अनुपस्थिति है इसलिये स्कूली स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करना बहुत जरूरी है।

युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी, कौशल विकास के साथ है, जब एक युवा के पास आवश्यक कौशल होता है तो वह उसका उपयोग अपनी आजीविका व दूसरों की सहायता करने के लिए कर सकता है। वह आर्थिक रूप से राष्ट्र का भी समर्थन करता है। कौशल विकास न केवल आजीविका का साधन है बल्कि सामान्य दिनचर्या में स्वयं के जीवंत और ऊर्जावान महसूस करने का एक विशेष माध्यम भी है। अतः युवा शक्ति को शिक्षा, कौशल विकास और प्रशिक्षण द्वारा बेहतर मानव संसाधन के रूप में विकसित करने से न केवल गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक बुराईयां इत्यादि का समाधान मिल सकता है अपितु वे राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। वर्ष 2014 की एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत को भली भांति प्रशिक्षित कुशल श्रमिकों की भारी कमी का भी सामना करना पडा है तालिका 1.0 के माध्यम से यह समझा जा सकता है कि यद्यपि भारत युवाओं का देश है परन्तु कुल कार्यबल में से केवल 2.3 प्रतिशत ही औपचारिक रूप से प्रशिक्षित है। जबकि अन्य विकसित देशों में प्रतिशत काफी अधिक है।

भारत में कौशल विकास में आने वाली सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां लगभग 93 प्रतिशत लोग अकुशल है। यहाँ प्रतिवर्ष लगभग 26.14 मिलियन अकुशल लोग रोजगार के लिए 15-45 उम्र समूह में सम्मिलित हो रहे है। अतः 7 वर्ष में लगभग 104.62 मिलियन अकुशल तथा पहले से कृषि एवं गैर कृषि में लगे हुए 298 मिलियन लोगो को 2022 तक कौशल युक्त करना एक बडी चुनौती है। इसके अतिरिक्त ऐसे बेरोजगार लोगो को शिक्षित करना जिन्होनें अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त नही की है या बीच में छोड़ दी है, भी एक बडी समस्या है। महिलाओं की घटती भागीदारी भी एक गंम्भीर समस्या है। 2011 की जनगणना के आँकडों के अनुसार महिलाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में रोगजार में भागीदारी 33.3 प्रतिशत से घटकर 26.5 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में भागीदारी 17.8 प्रतिशत से घटकर 15.5 प्रतिशत रह गई है। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं औद्योगिक सेक्टरों में भी अकुशल कार्यबल आर्थिक विकास के लिए बाधक बन रहा है जिसके परिणाम स्वरूप उत्पादकता प्रभावित हो रही है तथा बडी संख्या में बेरोजगारी की दर बढ़ती जा रही है। अतः युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराना भी एक बहुत बडी चुनौती है। इस दृष्टिकोण से हमें उद्यमिता विकास पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उद्यमिता में भारत की स्थिति 143 देशों में 76वें स्थान पर है। भारत में प्रति 1000 वर्किंग लोगों पर 0.09 कम्पनी रजिस्टर्ड है, जो कि जी-20 देशों में सबसे कम है।

# टीबी उन्मूलन में मीडिया की भूमिका

**जीएनएस।** संयुक्त राष्ट के सतत विकास लक्ष्यों के अनुसार सभी देशों ने वर्ष 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसे पूरा करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यह आवश्यक है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जन-भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु मीडिया की एक प्रमुख भूमिका है, इस तारतम्य मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश के द्वारा 2025 तक टीबी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मीडिया को इस जन आंदोलन में शामिल करने हेतु दिनांक 10 मार्च 2023 को मीडिया सहभागिता सत्र का आयोजन किया, कार्यक्रम मे माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल और मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के वीडियो संदेश शामिल थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.प्रभुराम चौधरी, माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, मध्य प्रदेश द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ प्रभुराम चौधरी जी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया तत्पश्चात सुश्री प्रियंका दास एम डी एन एच एम के द्वारा माननीय मंत्री का स्वागत किया गया, कार्यक्रम मे डॉ वर्षा राय राज्य क्षय अधिकारी ने सुश्री प्रियंका दास एम डी एन एच एम एवं डॉ सचदेवा का स्वागत किया।

1.डॉ. प्रभुराम चौधरी, माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, मध्य प्रदेश ने इस अवसर पर सभी को प्रोत्साहित करते हुए जन भागीदारी पर ज्यादा केंद्रित होकर टीबी को खत्म करने हेतु राज्य की प्रतिबद्धता को दोहराया द्ब उन्होंने बताया कि यह आवश्यक है कि टी बी उन्मूलन हेतु समाज के सभी वर्गों को साथ मे आना होगा इसमे मीडिया भी अहम भूमिका निभा रहा है, वर्तमान मे प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर प्रदेश के राज्यपाल मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री अन्य जन प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, व्यक्तिगत, सामाजिक संगठन कॉर्पोरेट आदि प्रधान मंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी बी रोगियों को नियमित पोषण आहार हेतु गोद लेकर मदद प्रदान कर रहे है, इस हेतु प्रत्येक जिले मे टी बी







रोगियों को फूड बास्केट का वितरण किया जा रहा है द्ब इसके साथ ही साथ आज भी समाज मे टी बी रोगी के प्रति भेदभाव, भ्रांति है अतः मीडिया लोगों को टी बी के प्रति अधिक सवेदनशील बनाने, जानकारी का प्रचार प्रसार, प्रत्येक स्तर पर टी बी की जांच उपचार एवं अन्य सुविधाये जो टी बी रोगीओ को दी जा रही है उनका प्रचार प्रसार नियमित किया जाए द्ब इसी प्रयास से मध्य प्रदेश टी बी मुक्त हो पाएगा।

? सुश्री प्रियंका दास, मिशन निदेशक - एनएचएम, मध्य प्रदेश ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, उन्होंने बताया कि कोविड के बाद स्वास्थ्य सुविधा मे बहुत से परिवर्तन आया है वर्तमान मे टी बी पर बहुत केंद्रित होकर कार्य किया जा रहा है, आज समस्त स्वास्थ्य इकाई के द्वारा टी बी उन्मूलन पर एक साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है, वर्तमान मे आज टी बी पर बहुत से रिसर्च किए जा रहे है ताकि इलाज की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके, आज मरीज के परिवार जन और उनके साथ संपर्क मे आए लोगों की जांच और उपचार की व्यवस्था की गई है द्ब टी बी सिर्फ स्वास्थ्य नहीं बल्कि एक सामाजिक समस्या भी है आज सभी वर्गों को कार्यक्र म मे जोड़ा जा रहा है, जिसके तहत समस्त विभागों, कॉर्पोरेट एवं जनप्रतिनिधि का उन्मुखीकारण किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी स्वास्थ्य कर्मी का क्षमता वर्धन किया जा रहा है।

? डॉ. आर. पी. जोशी DDG Central TB Division के ने वर्चुअल संदेश दिया और टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों को विस्तार मे सांझा किया। सुश्री प्रियंका दास, मिशन निदेशक-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश ने टीबी की रोकथाम और उन्मूलन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय मीडिया सहभागिता की आवश्यकता के बारे में बताया, उन्होंने मध्य प्रदेश के द्वारा जिस तरह से टी बी चैंपियन, आशा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को शामिल कर कार्यक्रम कार्यक्रम को सभी स्तर पर सफलता पूर्ण क्रियान्वित किया जा रहा है द्ब

? द इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस एंड लंग डिजीज के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कुलदीप सिंह सचदेवा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई एवं उन्होंने कहा कि, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी संबंधित संवाद को अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु मीडिया सहभागिता सुनिश्चित करना साथ ही टीबी की रोकथाम, परीक्षण और उपचार के बारे में जागरूकता वाली खबरों, सफलता की कहानी एवं रिपोर्टों के माध्यम से टीबी संवाद को बेहतर बनाना, समाज को जागरूक करना एवं टी बी के संबंध समाज मे व्याप्त मिथक, भ्रांति, भेदभाव एवं कलंक को दूर करना द्ब टी. बी. उन्मूलन हेतु यह आवश्यक है समाज के सभी वर्ग अपनी सहभागिता प्रदान करे, सभी अधिसूचित रोगियों को सभी सरकारी योजनाओ का लाभ प्राथमिकता पर प्राप्त हो और वो लोग समय पर इलाज प्राप्त करके शीघ्र स्वस्थ हो सके, मध्य प्रदेश ने अपनी सेवाओ विस्तार सभी स्तर पर किया है इसी कारण आज मध्य प्रदेश प्रदेश को टी बी फ्री राज्य बनने की दिशा मे अग्रसर है द्ब

कार्यक्रम मे एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जिसमे प्रदेश के चयनित टी. बी. चैंपियन (टी बी उपचार प्राप्त करके ठीक हुए लोग), आशा वर्कर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रतिभाग किया, इस सत्र का उद्देश्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और टीबी से बचे लोगों पर ध्यान केंद्रित करना था जो तपेदिक के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम मोर्चे पर हैं, इस सत्र का संचालन राष्ट्रीय मीडिया की पूर्व वरिष्ठ स्वास्थ्य पत्रकार सुश्री आरती धर ने किया।

इसके बाद पत्र सूचना कार्यालय के अतिरिक्त महानिदेशक श्री प्रशांत पथराबे ने सुश्री आरती धर के साथ 'टीबी पर बेहतर रिपोर्टिंग की सुविधा' विषय पर एक संक्षिप्त सत्र को संबोधित किया।

सत्र को संबोधित करते हुए राज्य और केंद्र के अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य मीडिया टीबी की रोकथाम, पहचान और उपचार पर समाचार के माध्यम से टीबी से संबंधित जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मीडिया टीबी से सबंधित व्याप्त भ्रांति, भेदभाव एवं कलंक को मिटाने एवं रोगी के इलाज प्राप्त करने की प्रक्रिया को सहज बनाने मे प्रमुख भूमिका निभाता है द्ब मीडिया भारत सरकार के द्वारा टी बी उपचार एवं अन्य सहायता संबंधित योजना के सबंध मे सरकार की पहल का प्रचार प्रसार मे अहम भूमिका निभा रहा है। मीडिया टीबी का इलाज कराकर अभी स्वस्थ जीवन यापन कर रहे लोगों की सफलता की कहानियों को प्रकाशित करके शासन की योजना को जन जन तक पहुचा सकता है द्ब इस तरह के प्रयासों से लोगों और नीति निर्माताओं के मध्य संवेदनशीलता की भावना पैदा करने में मदद मिलेगी, और अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलेगा।

सत्र में वक्ताओं ने मीडिया के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे टीबी से संबंधित सरकारी योजनाओं को विस्तार से प्रकाशित करें और जनता, विशेष रूप से हाशिए पर पड़े लोगों के लिए इन योजनाओं के लाभों को उजागर करें। मीडिया इन योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभों में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम के अंत मे डॉ वर्षा राय राज्य क्षय अधिकारी के द्वारा धन्यवाद दिया गया एवं कार्यक्रम का संचालन आरजे अनादि के द्वारा किया गया।

## मौन

*कभीं कभी जो हम जुबां से कह नहीं पाते*
*ख़ामोशी बोल देती है राज ये दिल के खोल देती है।*
*यूँ तेरा कुछ ना कहना बहुत कुछ बोल देती है*
*इस ख़ामोशी का भी अपना ही आनन्द है प्रिय।*
*तुम्हारा यूँ मौन रहना पर अंदर ही अंदर एक हलचल*
*मेरा मन चाहता है तुम मौन ना रहो कुछ तो कहो।*
*ये कंपकंपाते अधर तुम्हारे दिल के भेद खोल दें*
*काश एक सुबह ऐसी आए जागू तेरी आवाज सुन।*
*ये चुप्पी तेरी मुझे मायूस किए जा रही है*
*कभी खुल कर तो इकरार कर जान मेरी।*
*फिर कभी सोच लेती हूँ क्या हुआ ग़र तुम मौन हो*
*तुम्हारी आँखों मे जो मेरी तस्वीर नज़र आती है।*
*तुम ग़र ना भी कहो तो सब कुछ ब्यान कर जाती है*
*ये तेरा मौन रहना भी तेरा ही एक आभूषण है।*
*ये अनकही ख़ामोशी तेरी जीवन को महका जाती है*
*जाने कितनी सारी बातें आँखों से कह जाती है।*
*अब ये मौन तेरा तुझ पर कितना सजता है साथी*
*अब पढ़ लेती है ख़ामोशी से मेरी आँखे तेरी आंखे।*

***-श्रीमती दुर्गेश नन्दिनी नामदेव***

## गांव का मेला

*रंग-बिरंगे हैं गुब्बारे*
*लिए खिलौने लोग पुकारें*
*कहीं चकरी-कहीं फिरकी चलती*
*देखो गांव के मेले में ।*
*बोले माइक कहीं पूपाड़े*
*बहुत शोर कानों को फाडे*
*कहीं नाच कहीं सांप नेवले*
*देखो गांव के मेले में ।*
*आइसक्रीम स्वादिष्ट पकौड़ी*
*बिके चाय संग गरम पकौड़ी*
*रस से भरी जलेबी,लड्डू*
*देखो गांव के मेले में ।*
*बजते ढोल कहीं मंजीरे*
*गाते लोग नदी के तीरे*
*मन मुस्काती खुशियां मिलती*
*देखो गांव के मेले में ।*

***-दिनेश विजयवर्गीय***

*भावनानी के भाव*

## भारत को सोने की चिड़िया बनानां हैं

*भ्रष्टाचार को रोककर सुशासन को*
*आखरी छोर तक ले जाना हैं*
*सरकारों को ऐसी नीतियां बनाना हैं*
*भारत को सोने की चिड़िया बनानां हैं*
*आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में भी*
*अपनी जड़ों से जुड़कर रहना है*
*प्रौद्योगिकी का उपयोग*
*कुशलतापूर्वक करना है*
*प्रौद्योगिकी पर जोर देकर*
*विकास को बढ़ाना हैं*
*कल के नए भारत को*
*साकार रूप देना हैं*
*साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाना हैं*
*संकल्प लेकर सुशासन को*
*आखिरी छोर तक ले जाना हैं*
*भारत को परिवर्तनकारी*
*पथ पर ले जाना हैं*
*सबको परिवर्तन का सक्रिय*
*धारक बनाना हैं*
*न्यूनतम सरकार अधिकतम*
*शासन प्रणाली लाना हैं*
*सुशासन को आखिरी*
*छोर तक ले जाना हैं*
*भारतीय लोक प्रशासन को*
*ऐसी नीतियां बनाना हैं*
*वितरण प्रणाली में भेदभाव*
*क्षमता अंतराल को दूर करना हैं*
*लोगों के जीवन की गुणवत्ता*
*कौशलता विकास में सुधार करके*
*सुखी आरामदायक बेहतर*
*खूबसूरत जीवन बनाना हैं*
*सुविधाओं समस्यायों समाधानों*
*की खाई पाटना हैं*
*आम जनता की सुविधाओं को*
*अधनुतिक तकनीकी से बढ़ाना हैं*

***-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी***

## महिला संघर्ष की कहानी

*यह महिला उत्कर्ष का है,*
*घट घट पर हो रही संघर्ष का है,*
*कोई सोच की बातें हैं करते,*
*नारी! तुम तो श्रद्धा हो,*
*यही कहानी ही कहते रहते हैं,*
*कोई शीतलता की धारा,*
*कोई ममत्व का श्रंगार।*
*सबके हैं मत अपने अपने हैं,*
*जनजन तक है यह बह रहा ब्यार।*
*कोई कहता है यह एक जीवन धारा है,*
*कोई मजबूरी में प्यारी।*
*नहीं सियासत दिखता है दिल में,*
*सबसे खूबसूरत दिखती है न्यारी।*
*बातें हों रहीं सशक्तिकरण की खूब जोर,*
*नहीं रूक रहा है शोर।*
*कुछ तो हासिल हुई है अबतक,*
*नहीं सन्तोष करना है इसपर,*
*मजबूती से हो खूब यहां होड़।*
*संघर्षों की गाथा में है खूब नाम,*
*सबमें दिखती थी वह काम।*
*आज़ यहां धरती पर है,*
*सुन्दर प्रस्तुति संग खूब दिखता है,*
*सुंदर अलौकिक और खुबसूरत दर्शन।*
*सबसे आगे हैं श्रद्धा बनीं,*
*इस नारी शक्ति का आकर्षण।*
*शिखर पर पहुंचाने इनको,*
*हमें सहदयता से आगे बढ़ना होगा।*
*महिला संघर्ष की छिपी हुई कहानी,*
*इस राज़ को अब खत्म करना होगा।*



***-डॉ. अशोक,***
***पटना, बिहार।***

*संजीव-नी*

## दोस्त है तो जश्न है

*थोड़ा तुम मुस्कुराओ*
*थोड़ा हम मुस्कुराए,*
*आओ मिल जाओ कहीं*
*सड़कों पर, चौराहों पर फिर*
*मिलकर सब खिल खिलाएं,*
*मीठे खट्टे पुराने अनुभवों*
*को लेकर रंग बिरंगे फूलों*
*से इस जीवन के उपवन*
*को फिर से सजाएं,*
*कुछ तुम अपनी सुनाओ*
*कुछ हम अपनी सुनाए,*
*पीठ में कुछ धौल जमाओ,*
*तुम्हारे कानों के नीचे*
*हम चपत लगाएं,*
*बचपन की मीठी गालियां*
*तुम सुनाओ*
*कुछ कुछ हम सुनाएं,*
*चलो फिर साइकिल से*
*लंबी लंबी रेस लगाएं,*
*कंचे और गुल्ली डंडे*
*का फिर वही खेल सजाएं,*
*मैं तुम्हारी मास्टर जी से*
*तुम मेरे पिताजी से*
*चुगलियों और शिकायतों का*
*दौर चलाएं,*
*थोड़ा तुम मुस्कुराओ*
*थोड़ा हम मुस्कुराए*
*आओ सब हम मिलकर*
*जोर-जोर से खेल खिलाएं,*
*इस तरह दोस्ती मैं मौज मनाएं।*
*कितने बरस हो गए हैं दोस्त*
*तुमसे मिले, गले लगे,*
*अब तो तरस गई है आंखें*
*एक दूसरे को देखने और*
*गल बहियाँ डालने,*
*आ जाओ मेरे दोस्त,*
*थोड़ा तुम मुस्कुराओ*
*थोड़ा हम मुस्कुराए*
*खुलकर हंसकर*
*खिलखिला कर*
*दोस्ती का जश्न मनाए।*

***-संजीव ठाकुर***

## क्यो 'पुष्पात इम्पॉउसिबल' की देवी किडनैपर्स से पुष्पाब और उनकी बेटियों को बचा पाएगी?



**जीएनएस।** सोनी सब का 'पुष्पाष इम्पॉमसिबल' पुष्पा नाम की एक महिला की कहानी है, जिसने अपने खुशमिजाज स्वरभाव, आशावादी सोच और जिंदगी के प्रति अनूठे नजरिये से हमारा दिल जीत लिया है। पुष्पा (करूणा पांडे) और देवी (उर्वशी ढ़ोलकिया) की बेटियों का अपहरण होने के साथ इस शो की कहानी में बेहद मजेदार ट्विस्ट आने वाले हैं। घटनाक्रम के बीच अपनी बेटियों राशि और रौशनी को बचाने की कोशिश में खुद पुष्पा का अपहरण हो जाता है।

अभी तक की कहानी में दर्शकों ने देखा कि किस प्रकार वसुंधरा और दिलीप ने उसे जेल से बाहर निकलवाने के लिए देवी से सपर्क किया है। देवी उसकी बातों को सुनकर फैसला करती है कि वह उसका मुकदमा नहीं लड़ेगी और इसके बजाए वह पुष्पा की मदद करती है। इस बीच, राशि और रौशनी को गुंडे अगवा कर लेते हैं और जब देवी एवं पुष्पाव अपनी बेटियों को ढूँढ रही होती हैं, गुंडे पुष्पाश को भी पकड़ लेते हैं। देवी जिस तरह से किडनैपर्स को पकड़ती है और पुष्पाग, राशि एवं रौशनी को बचाती है, यह देखना दर्शकों के लिये रोमांचक होगा !करूणा पांडे, जो पुष्पाप पटेल की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, देवी सिंह क्रिमिनल वकील होने के साथ ही एक सिंगल मदर भी है और इसलिये किरदार की गहराई एवं गंभीरता को प्रदर्शित करती है। इस शो के आने वाले एपिसोड्स दो महिलाओं, देवी एवं पुष्पां के रिश्तेर को खूबसूरती से दिखायेंगे। उनके बीच का यह रिश्तान परिवार की सुरक्षा एवं हित के लिये किसी भी हद तक जाने के दोनों के एक-समान गुण को दर्शाता है। ये दोनों महिला किरदार जिस तरह से एकजुट होती हैं और किडनैपर्स से अपनी बेटियों को बचाती हैं, उसे देखकर दर्शक बेहद रोमांचित होने वाले हैं कहानी में आये रोमांचक ट्विस्ट का आनंद उठाने के लिये हमारे साथ बने रहिए और देखिए 'पुष्पा इम्पॉरसिबल',हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

## नेक्सॉन ईवी ने एक इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा 'सबसे तेज' के2के ड्राइव के लिये इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपनी जगह बनाई

**453 किलोमीटर की बढ़ी हुई रेंज के साथ, पब्लिक फास्ट चार्जिंग इंफ्राट्रक्चर की मदद से पूरी यात्रा सफलतापूर्वक संपन न हुई »»»इस सफर के दौरान नेक सॉन ईवी ने 23 अतिरिक त रिकॉर्ड्स भी बनाए**

**मुंबई/जीएनएस।** टाटा मोटर्स, भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता और भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में सबसे आगे रहने वाली, ने आज यह घोषणा की है कि भारत की सबसे ज यादा भरोसेमंद और सबसे ज यादा चलने वाली नेक सॉन ईवी ने एक इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा कश मीर से कन याकुमारी तक की 'सबसे तेज' ड्राइव करके इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में सफलतापूर्वक अपनी जगह बनाई है।



भारत के नंबर वन इलेक्ट्रिक वाहन नेक सॉन ईवी ने सिर्फ 95 घंटे और 46 मिनट (4 दिन) में 4003 किलोमीटर की ड्राइव पूरी की है और मल टी-सिटी ट्रिप स के लिये अपनी क्षमता को सफलतापूर्वक साबित किया है। इसके अलावा, यह नॉन-स टॉप ड्राइव भारत के राजमार्गों पर मौजूद पब्लिक चार्जिंग के विस तृत और बेहतरीन नेटवर्क के कारण भी संभव हो सकी। पूरी यात्रा में फास्ट चार्जिंग के लिये केवल 21 स टॉप्स पर कुल 28 घंटे खर्च करने के साथ नेक सॉन ईवी ने न सिर्फ पूरी यात्रा में समय बचाया, बल्कि आईसीई वाहन की तुलना में उल लेखनीय ढंग से खर्च भी बचाया।

यात्रा के दौरान, नेक सॉन ईवी को एक आम कार की तरह चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों और मौसम की कठिन स्थितियों में चलाया गया और इसने 300+ किलोमीटर की औसत रियल-वर्ल् ड रेंज प्रदान की। इस खूबसूरत सफर का मजा कंपनी की लीडरशिप टीम ने भी लिया और नेक सॉन ईवी को भारत के विभिन न इलाकों में ड्राइव किया। एक ईवी द्वारा 'सबसे तेज' के2के ड्राइव के रिकॉर्ड के अलावा नेक सॉन ईवी ने 23 अतिरिक त रिकॉर्ड भी बनाए हैं।

इस असाधारण उपलब्धि पर अपनी बात रखते हुए, टाटा मोटर्स पैसेंजर हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के एमडी श्री शैलेश चंद्रा ने कहा, नेक्सॉन ईवी ने एक इलेक्ट्रिक वाहनद्वारा सबसे तेज के2के ड्राइव के लिये इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपनी जगह बनाकर अपनी क्षमताओं को साबित कर दिया है। यह उपलब्धि इस उत्पाद की असीम क्षमता और देशभर में टाटा पावर की मौजूदगी से समर्थित चार्जिंग के शानदार बुनियादी ढांचे की उपलब धता का प्रमाण है। नियमित अंतरालों पर एक फास्ट चार्जिंग स्टेशन था, जैसे कि 75 से 100 किलोमीटर के बीच, जोकि भारत के ईवी पारितंत्र के लिये अपने आप में एक बेहतरीन उपलब्धि है।

यह यात्रा हमारे लिये खास रही है, क्योंकि मेरे सहकर्मियों और मैंने ऐसा कुछ पहली बार किया था- देश हर कोने से गुजरते हुए 4003 किलोमीटर की ड्राइव करना, वह भी एक इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा सबसे कम समय में। इसके पीछे यह दिखाने का लक्ष य था कि हमारे ग्राहक नेक सॉन ईवी की बढ़ी हुई रेंज और लगातार बढ़ रहे चार्जिंग के बुनियादी ढांचे पर भरोसे के साथ लंबी यात्राओं की योजना बना सकते हैं। मुझे आशा है कि यह के2के ड्राइव ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने और इलेक्ट्रिक के साथ विकसित होने के लिये प्रेरित करेगी।

नेक्सॉन ईवी के बारे में ज्यादा जानने के लिये अपने नजदीकी डीलरशिप से संपर्क करें या https://ne&onev.tata-motors.com को विजिट करें।रिकॉर्ड्स का विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

## आलिया मार्च, एंड पिक्चर्स के साथ मनाइए बेमिसाल आलिया भट्ट का जश्न

### डार्लिंग्स.... गंगू चांद थी, और हमेशा रहेगी!




**जीएनएस।** साल 2022 में अलग-अलग ब्लॉकबस्टर हिट फिल्में देने वालीं आलिया भट्ट का सफर किसी तूफान से कम नहीं रहा है। इस मार्च, एंड पिक्चर्स आपके लिए लेकर आ रहा है तआलिया मार्च, जहां उनके जन्मदिन के मौके पर 11 मार्च को गंगूबाई काठियावाड़ी और 15 मार्च 2023 को डार्लिंग्स के एंड पिक्चर्स स्पेशल प्रीमियर्स के साथ बेमिसाल आलिया भट्ट को सेलिब्रेट किया जाएगा।

आलिया ने इन दोनों ही फिल्मों में बेहतरीन परफॉर्मेंस दी हैं, जो एक दूसरे से काफी अलग हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी में टाइटल रोल में आलिया ने कमाठीपुरा की एक बाई का शानदार चित्रण किया, जिसमें उन्होंने बड़े दमदार ढंग से अलग-अलग तरह के इमोशंस दिखाए और एक असरदार परफॉर्मेंस पेश की, जिसे बेहद पसंद किया गया। दूसरी ओर, फिल्म डार्लिंग्स में आलिया ने एक कमजोर लेकिन इरादों की पक्की बदरू के रोल में अपनी चमक बिखेरी, जो आखिरकार अपनी ज़िंदगी की कमान खुद अपने हाथ में लेती है।

अपनी फिल्मों के स्पेशल प्रीमियर्स को लेकर आलिया भट्ट ने कहा,ये फिल्में नारी-प्रधान भूमिकाओं के बारे में बिल्कुल भी नहीं है। अच्छी स्क्रिप्ट्स और दमदार किरदार हमेशा मुझमें दिलचस्पी जगाते हैं। गंगू या बदरू का रोल निभाना बड़ा इंटेंस और सच्चा है। मैंने इन किरदारों को समझने और गंगू और बदरू के रोल में ढलने के लिए बहुत मेहनत की। मैं उम्मीद करती हूं कि एंड पिक्चर्स पर अपने प्रीमियर्स के साथ ये फिल्में ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेंगी।

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी गंगूबाई काठियावाड़ी में आलिया भट्ट ने लीड रोल निभाया है। इस फिल्म में अपने शानदार बोल्ड लुक और कमाल की एक्टिंग स्किल्स के साथ आलिया ने अपनी परफॉर्मेंस के साथ दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीत लिया। यह फिल्म गंगा नाम की एक सीधी-सादी लड़की की कहानी है, जिसकी ज़िंदगी में उस वक्त एक बड़ा मोड़ आता है, जब उसे एक वेश्यालय में बेच दिया जाता है। इसके बाद वो अपनी तकदीर को कबूल करके हालात को अपने पक्ष में मोड़ लेती है। इस फिल्म में प्रतिभाशाली एक्टर अजय देवगन ने माफिया लीडर रहीम लाला का दमदार किरदार निभाया है। अपनी आंखों के तेज और दमदार आवाज के चलते अजय पर्दे पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराते हैं। इस फिल्म का प्रीमियर 11 मार्च, 2022 को एंड पिक्चर्स पर होने जा रहा है।

आलिया भट्ट, गौरी खान और गौरव वर्मा के द्वारा प्रोड्यूस की गई एक और शानदार फिल्म डार्लिंग्स एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है, जिसमें आलिया भट्ट के अलावा को-स्टार्स शेफाली शाह, विजय वर्मा और रोशन मैथ्यू ने भी लीड भूमिकाएं निभाई हैं। अपनी एक्टिंग स्किल्स और लुभावने अंदाज़ के साथ आलिया ने बड़े असरदार ढंग से बदरू का रोल निभाया, जो एक सीधी-सादी बीवी है और अपने पति के हाथों घरेलू हिंसा झेलने पर मजबूर है। आखिरकार, वो इंसाफ पाने के लिए मामला अपने हाथों में लेने का फैसला करती है। यह फिल्म अपने डार्क ह्यूमर, वन-लाइनर्स, कमाल की कहानी और जोरदार डायलॉग डिलीवरी के साथ आपको खूब गुदगुदाती है। एंड पिक्चर्स पर डार्लिंग्स का प्रीमियर 15 मार्च 2023 को होगा, जिस दिन आलिया का जन्मदिन भी है।

तो शनिवार 11 मार्च को रात 8 बजे गंगूबाई काठियावाड़ी और 15 मार्च को रात 8 बजे डार्लिंग्स के चैनल प्रीमियर के लिए एंड पिक्चर्स आपको आमंत्रित करता है, जहां प्रतिभाशाली एक्ट्रेस आलिया भट्ट के जन्मदिन का जश्न मनाया जाएगा।

# रंग पंचमी पर महाकालेश्वर मंदिर का निकलेगा ध्वज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाबा महाकाल के दरबार में श्रद्धालुओं द्वारा मांगी जाने वाली मन्नतें पूरी होने पर ध्वज चल समारोह की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। मन्नतो के ध्वज रंग पंचमी पर भव्य चल समारोह के रूप में निकाले जाते हैं। 12 मार्च रविवार को रंग पंचमी के अवसर पर बाबा के दरबार से चांदी का ध्वज और 51 ध्वज पताकाएं निकाली जाएगी।

12 ज्योतिर्लिंग में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी उज्जैयिनी की लीला अपरंपार है। देश-विदेश से श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने पहुंचते हैं और अपनी मनोकामना को पूरा करने की गुहार लगाते हैं। श्रद्धालु बाबा की नगरी से कभी खाली हाथ नहीं होते हैं। महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होने पर ध्वज पताकाएं अर्पित की जाती है जिन्हें चल समारोह के रूप में निकालने की परंपरा है। रंग पंचमी पर भव्य चल समारोह निकाला जाता है। 12 मार्च को बाबा के दरबार से शाम के समय भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। जिसमें नासिक के ढोल



और बैंड के साथ धार्मिक झांकियों का कारवां शामिल होगा। चल समारोह में महाकाल का चांदी से बना ध्वज और 51

पताकाएं भी शामिल रहेगी। चल समारोह में मंदिर के पुजारियों के साथ हजारों श्रद्धालु बाबा का उद्घोष करते चलेंगे। मन्नतो के ध्वज का पूजन जिला प्रशासन की ओर से किया जाएगा। इस ध्वज की विधि पूजा भगवान महाकाल के सेनापति वीरभद्र के सामने होती है।

## राजभवन भोपाल से आया ध्वज

श्री महाकालेश्वर मंदिर से निकलने वाले चल समारोह की तैयारियां शुरू हो चुकी है। समारोह में शामिल होने वाला ध्वज राजभवन भोपाल से राज्यपाल द्वारा महाकाल मंदिर समिति तक पहुंचा दिया गया है। श्री महाकालेश्वर ध्वज चल समारोह महाकाल मंदिर से शुरू होकर तोपतखाना, दौलतगंज चौराहा, फव्वाराचौक, नई सड़क, कंठाल चौराहा, सतीगेट, सराफा, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होकर वापस महाकाल मंदिर पहुंचकर समाप्त होगा। साल में एक बार निकलने वाले चल समारोह का स्वागत विभिन्न समाजिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर मंच बनाकर किया जाएगा।

## यहां भी निकलेगी गैर...

सिंहपुरी- रंगपंचमी पर सिंहपुरी से निकली गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज की गेर में शौर्य व शक्ति के दर्शन होंगे। श्री महाकालेश्वर भर्तृहरि विक्रम ध्वज चल समारोह समिति के तत्वावधान में गेर निकाली जाएगी। शाम सात बजे आताल पाताल भैरव की महाआरती के बाद गेर की शुरूआत होगी। कारवां में तीन बैंड, 21 ध्वज, 21 ढोल, अखाड़े आदि शामिल रहेंगे। सिंहपुरी से शुरू होकर गेर प्रमुख मार्गो से होते हुए रामघाट पहुंचेगी, यहां ध्वज पूजन किया जाएगा। इसके बाद चल समारोह नगर भ्रमण के लिए रवाना होगा।

# शासकीय कार्यालयों में उपयोग में आने वाली सामग्री के लिये निविदा 29 मार्च तक आमंत्रित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय एवं अधीनस्थ अन्य शासकीय कार्यालयों के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपयोग में आने वाली सामग्री स्टेशनरी, कम्प्यूोटर सामग्री, लेखन सामग्री ऋय किये जाने हेतु दर निर्धारित करने के लिये इच्छुक स्टेशनरी सामग्री विक्रेताओं से शर्तों के अधीन 29 मार्च को दोपहर 1.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की गई है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपराह्न 3 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय में खोली जायेंगी। सामग्री की सूची, निविदा सम्बन्धी शर्तें, विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर प्राप्त की जा सकती है।

## सार समाचार

### सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला की 3 दिन बाद मौत हो गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला की गंभीर हालत के चलते परिजन उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल लेकर पहुंचते रहे इस बीच 3 दिन बाद आज सुबह महिला की मौत हो गई। उन्हेल के ग्राम लसूडिया में रहने वाली मायावती राजेंद्र सिंह पवार 34 वर्ष 7 मार्च को अपने भतीजे जितेंद्र के साथ होली के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक पर सवार होकर जा रही थी। नागदा बायपास पर बाइक से दूध का वितरण करने वाले ने उन्हें टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में माया कुंवर गंभीर रूप से घायल हुई थी जिसे नागदा जनसेवा अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होना बताकर रेफर किया परिजन निजी अस्पताल चैरिटेबल लेकर पहुंचे लेकिन महिला की हालत में सुधार नहीं हो पा रहा था जिसके चलते एक बार फिर परिजन निजी तिरुपति अस्पताल उपचार के लिए लेकर गए। जहां उपचार के दौरान आज सुबह माया कुंवर की मौत हो गई। माधव नगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

### भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक 14 मार्च को होगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेशचंद्र मालवीय ने जानकारी दी कि जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, विधवाओं और आश्रितों की समस्याओं के निराकरण और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिये मासिक बैठक का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नई कोर्ट भवन के पास विक्रम नगर रोड में मंगलवार 14 मार्च को प्रातः11 बजे किया जायेगा। क्षेत्र के सभी भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बैठक में शामिल हों।

### रंगपंचमी पर्व पर रविवार को शुष्क दिवस रहेगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने मप्र आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत लोकशान्ति के परिरक्षण हेतु रंगपंचमी रविवार 12 मार्च को नगर निगम उज्जैन को छोड़कर शेष जिले में शाम 5 बजे तक और नगर निगम उज्जैन में सम्पूर्ण दिवस शुष्क दिवस रखने के आदेश जारी किये हैं। उक्त अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-2, 3, 4, वाइन आउटलेट एवं देशी-विदेशी मद्य भाण्डागार बन्द रहेंगे और मदिरा का ऋय-विऋय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### पेसा नियम के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता लाना जरूरी - मुख्यमंत्री चौहान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पेसा नियम के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। पेसा समन्वयक मुस्तैदी से कार्य करें। जनजातीय वर्ग के भाई-बहनों को पेसा नियम की पूरी जानकारी हो। प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ी जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय समत्व भवन में पेसा समन्वयकों से वर्चुअल चर्चा कर रहे थे। जिला पंचायत सीईओ, पेसा नियम के जिला एवं ब्लॉक समन्वयक वर्चुअली जुड़े।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीबों के उत्थान के लिए राज्य सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी। पेसा समन्वयक और मोबलाइजर की बड़ी जिम्मेदारी है कि जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए पेसा नियम की जानकारी उन तक हर हालत में पहुँचे। जिला प्रशासन दायित्व का निर्धारण करे और समन्वयकों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दें।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विभिन्न समितियों को प्रशिक्षण भी दिया जाए।

# टीबी का पूरा उपचार प्राप्त कर राधाबाई हरा सकी टीबी को

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला उज्जैन के ग्राम बामोरा में राधाबाई (परिर्वतित नाम) की तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो जाने के कारण आशा कार्यकर्ता स्पुटम जांच हेतु जिला क्षय केन्द्र उज्जैन भेजा गया। जिसकी जांच के बाद उसे फेफड़े की टीबी पाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीज की दवा स्टार्ट की गई किन्तु राधाबाई कुछ दिन दवा लेने के बाद दवा लेने से इन्कार करने लगी।

आशा कार्यकर्ता द्वारा सूचना देने पर मरीज के यहां जाकर समझाया गया। इसके पश्चात आशा कार्यकर्ता प्रतिदिन अपने सामने ही दवा खिलाने लगी। जब मरीज को आराम मिलने लगा तब राधाबाई ने प्रतिदिन एक ही समय में दवा खाना प्रारंभ कर दिया और छः माह का कोर्स मरीज द्वारा कम्पलीट कर लिया गया एवं परिवार को टीपीटी भी खिलाई गई। अब राधाबाई अपने घर का संपूर्ण कार्य कर अपना जीवन यापन कर रही है।ऋ

राधाबाई को गंभीर जानलेवा बीमारी से बचाने मे शासन द्वारा क्षय उन्मूलन कार्यकम के अन्तर्गत बहुकिमती दवाईयां निःशुल्क प्रदान की गई एवं उपचार के दौरान पोषण आहार भत्ता भी प्रदान किया गया।

# प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में तराना में आईटीआई भवन और अन्य निर्माण कार्यों का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ






**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शुक्रवार को मध्य प्रदेश शासन के वित्त, योजना, सांख्यिकी, उत्पाद शुल्क तथा उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में तराना में 1000.43 लाख रुपये की लागत से बनने वाले छह ट्रेड आईटीआई भवन, 60 सीटर बालक छात्रावास, एक 'एफ' टाईप, दो 'एच' टाईप और तीन 'आई' टाईप शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के आवासीय भवन के निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने की और बतौर विशिष्ट अतिथि श्री बहादुरसिंह बोरमुंडला कार्यक्रम में शामिल हुए। आईटीआई प्राचार्य तराना के द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त भवनों का निर्माण लोक निर्माण विभाग और पीआईयू के द्वारा किया जायेगा।

मंत्री श्री देवड़ा ने इस अवसर पर कहा कि आज हम सबके लिये बड़े हर्ष का विषय है कि तराना में शीघ्र ही आईटीआई भवन का निर्माण होगा। उन्होंने निर्माण एजेन्सी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उक्त निर्माण कार्य उत्तम गुणवत्ता के हों और निर्धारित समय-सीमा पर पूर्ण हों। मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति का काम सरकार का होता है। सरकार द्वारा जन्म से लेकर मृत्यु तक हितग्राहियों के लिये योजनाएं बनाई गई हैं। निरन्तर विकास के कार्य हो रहे हैं। हर गरीब के सिर पर छत, घर में गैस कनेक्शन और शुद्ध पेयजल पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। सरकार इस ओर निरन्तर कार्य कर रही है। सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज तराना विकास खण्ड को एक बहुत बड़ी सौगात दी गई है, जो निश्चित रूप से तराना के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। तराना के कॉलेज में विज्ञान की फैकल्टी की व्यवस्था शीघ्र-अतिशीघ्र की जायेगी। शीघ्र ही जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत लोगों के घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जायेगा। उज्जैन में दोगुनी गति से विकास का कार्य हो रहा है। भविष्य में भी निरन्तर विकास के कार्य किये जायेंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ल, एसडीएम तराना श्रीमती एकता जायसवाल, अन्य अधिकारीगण और स्थानीय जनता मौजूद थे।

# होली, वसन्त, देशभक्ति की रंग वर्षा हुई संस्कृतकविसमवाय का आयोजन






**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संस्कृत रचनाधर्मिता के संवर्धन के उद्देश्य से अकादमी द्वारा होली के पावन पर्व पर संस्कृतकविसमवाय का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरेण्य विद्वान् प्रो.विन्ध्येश्वरीप्रसाद मिश्र वाराणसी ने की तथा विशिष्ट अतिथि इतिहासविद् डॉ.भगवतीलाल राजपुरोहित थे। इस अवसर पर आमंत्रित कवियों ने संस्कृत के अनेक छन्दों में वसन्त, होली, राष्ट्रभक्ति तथा महाकवि कालिदास पर केन्द्रित रचनाओं का सुमधुर पाठ किया। सत्र का संचालन डॉ.तुलसीदास परौहा ने किया।

कालिदास संस्कृत अकादमी के प्रभारी निदेशक डॉ.सन्तोष पण्ड्या ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि अकादमी संस्कृत रचनाधर्मिता के प्रोत्साहन के लिये कविसमवाय का आयोजन करती है। इस अवसर पर डॉ.निलिम्प त्रिपाठी भोपाल, डॉ.धर्मेन्द्र सिंहदेव पुरी, डॉ.ओमप्रकाश दुबे सीहोर, डॉ.सुभाष मालवीय देवास, डॉ.शैलेन्द्र वर्मा, सुश्री पूजा, श्री मुकेशचन्द्र भल्ला, श्री दिनेश मालवीय, श्री प्रणव कश्यप सभी उज्जैन ने संस्कृत रचनाओं का पाठ किया।

इसके पश्चात् श्री महेश निर्मल तथा साथियों ने संस्कृत के गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में लिंगाष्टक, मधुराष्टक, निर्वाणाष्टक, महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति की। साथ में सितार पर श्री दिलीप फडके, बांसुरी पर श्री प्रियांश मिश्र, हारमोनियम पर सुश्री नीता करवलकर, तबले पर पं.शैलेन्द्र भट्ट, मंजीरे पर सुश्री करुणा सिसौदिया, गायन में सुश्री कविता मेहता, साईशिखा ने संगत की। अतिथियों का स्वागत डॉ.सन्तोष पण्ड्या एवं डॉ.सन्दीप नागर ने किया।

# दिव्य कला मेला 12 से 21 मार्च तक भोपाल हाट में

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 12 से 21 मार्च तक भोपाल हाट में दिव्य कला मेला लगेगा। मेले का शुभारंभ 12 मार्च को शाम 5 बजे होगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन के उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नेशनल हैंडिकेप्ड फायनेंस एण्ड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएचएफडीसी) के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर मेले लगाये जाते हैं। मेलों में बड़ी संख्या में लोग दिव्यांगजनों की कला उत्पाद को सराहने के साथ उनके उत्पाद खरीदते भी हैं।मंत्री श्री पटेल ने बताया कि मेलों और प्रदर्शनियों में स्टॉल निन्शुल्क आवंटित किये जाते हैं। दिव्यांगजन को उद्यमी और शिल्पकार के रूप में विकसित करने का यह एक बेहतर अवसर है। एनएचएफडीसी इन्हें ऋष्ठा के रूप में वित्तीय सहायता भी देता है। दिव्य कला मेला दिसम्बर 2022 में नई दिल्ली और 16 से 25 फरवरी तक मुम्बई के एमएमआरडी ग्राउंड में किया जा चुका है।

# कलेक्टर ने चिंतामन गणेश, मंगलनाथ एवं कालभैरव मंदिर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने आज सुबह चिंतामन गणेश, मंगलनाथ एवं कालभैरव मंदिर पहुंचकर यहां पर दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया । सर्वप्रथम उन्होंने चिन्तामन गणेश मंदिर में दर्शनार्थियों के प्रवेश एवं निर्गम के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरइएस के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि चिंतामन मंदिर परिसर में 7000 वर्गफिट में मार्बल फ्लोरिंग अन्य सुविधाओं के निर्माण कार्य जारी है जो 30 अप्रैल तक पूर्ण हो जाएंगे। कलेक्टर ने इस संबंध में मंदिर समिति के प्रशासक एवं अन्य अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने दर्शनार्थियों के लिए अधिक से अधिक सुविधाओं को विकसित करने के निदेश दिए है।

कलेक्टर ने इसके बाद मंगलनाथ एवं कालभैरव मंदिर जाकर मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंगलनाथ मंदिर में यूडीए द्वारा निर्मित किये जा रहे शिखर का निरीक्षण किया तथा मंदिर के सामने अवैध अतिक्रमण हो तुरंत हटाने के लिये एसडीएम को निर्देश दिये हैं। साथ ही पूजन के लिये आवश्यक शेड एवं ओटलों का निर्माण करवाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई एवं रखरखाव अच्छा पाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने कालभैरव मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। यहां पर स्मार्ट सिटी द्वारा पार्किंग विकसित की जा रही है। कलेक्टर ने कहा है कि मंदिर के आसपास इस तरह से निर्माण किया जाये, जिससे यहां पर खुला स्थान अधिक छूटे। मंदिर आने व जाने के लिये विभिन्न संकीर्ण मार्गों को चौड़ा किया जाये। स्मार्ट सिटी द्वारा कालभैरव मंदिर के डेवलपमेंट प्लान का भी प्रदर्शन किया गया। निरीक्षण के दौरान मंगलनाथ एवं कालभैरव मंदिर पर नगर निगम आयुक्त श्री रोशन सिंह, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री आशीष पाठक, एसडीएम श्रीमती कल्याणी पाण्डे एवं चिंतामन गणेश मंदिर में तहसीलदार श्रीमती मधु नायक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री श्री सुनील शर्मा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# मप्र टूरिज्म बोर्ड का उज्जैन में होम-स्टे पंजीयन हेतु विशेष अभियान 14 मार्च से चलाया जायेगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा होम-स्टे पंजीयन के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। उज्जैन में श्री महाकाल लोक के निर्माण के पश्चात श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी आवास, अतिरिक्त घर, फार्म हाउस को मप्र टूरिज्म बोर्ड की होम-स्टे योजनाओं के साथ पंजीकृत करके अपनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार एवं अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु पर्यटन विभाग मध्यप्रदेश शासन के साथ पंजीकृत कर सकते हैं।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड के श्री शिवशेखर शुक्ला द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि? इस हेतु मार्च माह में 14 से 17 मार्च 2023 तक उज्जैन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 15 मार्च 2023 को होटल क्षिप्रा रेसीडेन्सी उज्जैन में सुबह 10 बजे से इच्छुक निजी सम्पत्तिधारकों को होम-स्टे संबंधी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु कार्यशाला का आयोजन कि?या जा रहा है। 16 व 17 मार्च 2023 को मप्र टूरिज्म बोर्ड भोपाल के प्रतिनिधियों द्वारा इच्छुक निजी सम्पत्तिधारकों की प्रस्तावित इकाई का प्रारंभिक निरीक्षण करके ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया को पूर्ण कि?या जाएगा।

## यह ले सकते हैं लाभ

होम-स्टे संबंधी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय हितधारकों के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया गया है। इसमें विशेषकर गृहिणी, स्थानीय युवा टूर. ट्रेवल्स, गाईड, नेचुलिस्ट, हेरीटेज सम्पत्तियां, पारम्पारिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े हुए विशेषज्ञ, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय व्यवसायी, ग्रामीण स्व सहायता समूह, पंजीकृत पर्यटन सोसाईटी, स्थानीय कला एवं हस्तकला के कारीगर, स्थानीय खानपान के विशेषज्ञ, उन्नत तकनीक का उपयोग करने वाले कृषक आदि सम्मिलित हैं।

इच्छुक इकाई संचालक कार्यशाला में सहभागिता हेतु अथवा पंजीयन हेतु जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद कार्यालय अथवा मप्र टूरिज्म बोर्ड भोपाल के दूरभाष नंबर 0755-2780700 एवं सुश्री अक्षिता शर्मा 9109132151 एवं सुश्री हनिषा तलरेजा 9977870797 के मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं या इमेल home-stay.mptb@mp.gov.in पर भी संपर्क कर सकते है।

# हृदय की बीमारी से ग्रसित अमन का करवाया गया हृदय का ऑपरेशन खर्च उठाया शासन ने

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन जिले के ग्राम खजुरिया तहसील घटिया, निवासी श्री अरविन्द का बेटा अमन उम्र 04 वर्ष जन्म से ही अक्सर बीमार रहता था वह उसकी उम्र के सामान्य बच्चों की तरह नही खेल पाता था थोड़ा खेलता तो हाफने लगता और अत्यंत कमजोर था, जिस कारण उसका शारीरिक विकास भी नही हो रहा था, आर.बी.एस.के. दल द्वारा अपने भ्रमण के दौरान जब अमन की जांच की तो उनको लगा कि वह हृदय की बीमारी से ग्रसित है आर.बी.एस.के. चिकित्सक द्वारा अमन के माता-पिता को बताया गया कि यदि अभी कम उम्र मे ही अमन का हृदय का ऑपरेशन करवाले तो उसे पढ़ा होकर सामान्य जीवन जीने मे कोई परेशानी नही होगी। चिकित्सक द्वारा बताया गया कि हृदय का ऑपरेशन हो जाने के बाद अमन पुरी तरह स्वस्थ्य हो जायेंगा। आप अमन को जिला स्तरीय शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र, (डी.ई.आई.सी.) जिला चिकित्सालय उज्जैन मे ले जाकर उसका उपचार करवा सकते है। जहां पर मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अन्तर्गत अमन का निःशुल्क ऑपरेशन हो जायेंगा।अमन के माता-पिता उसे लेकर शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र, (डी.ई.आई.सी.) जिला चिकित्सालय उज्जैन पहुचे। जहां पर अमन का मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अन्तर्गत पंजीयन कर अमन की आवश्यक जांचे करवाई गई ।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )